दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार,झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा बुधवार 24 अप्रैल 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 461

आवश्यकता

सुपौल,सीतामढ़ी मधुबनी,बेगूसराय,मुंगेर,जमुई, के लिए संवाददाता सह विज्ञापन प्रतिनिधि के रूप में काम करने वाले इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें।

9525278483,6200031466

संक्षिप्त खबरें I

बिहार की गलियों में दिखीं इमरान हाशमी की हीरोइन, पिता के लिए फैलाया हाथ

लोक तंत्र की आवाज

भागलपुर। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की तैयारी जोरों पर है. ऐसे में प्रत्याशी मतदाता को लुभाने के प्रयास में लग गए हैं. सभी प्रत्याशी अपने अपने मतदाता को अलग–अलग तरह से लुभाने की कोशिश में लगे हुए हैं. ऐसे में ही अपने पिता के लिए वोट मांगने के लिए बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा भागलपुर पहुंची. अपने पिता अजित शर्मा के लिए रोड शो की. इसमें उनकी एक झलक पाने के लिए युवाओं की भीड़ लग गई। आपको बता दें कि मतदान के लिए अब महज 3 दिन का समय बचा है, और ऐसे में प्रत्याशियों ने प्रचार प्रसार और जन संपर्क भी तेज कर दिया है. भागलपुर में प्रत्याशियों ने प्रचार को लेकर अपनी ताकत भी झोंक दी है. तो वहीं महागठबंधन प्रत्याशी और अपने पिता अजित शर्मा के समर्थन में अभिनेत्री नेहा शर्मा ने रोड शो किया. नेहा शर्मा ने पीरपैंती विधानसभा क्षेत्र के पीरपैंती बाजार में रोड शो कर लोगों का अभिवादन किया। नेहा शर्मा के रोड शो को लेकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह दिखा. गाड़ी से नेहा शर्मा ने पिता के साथ रोडशो किया. हाथ हिलाकर लोगों का अभिनन्दन कर समर्थन की अपील की. युवाओं ने कैमरे में इस पल को कैद किया सेल्फी भी ली।

अजित शर्मा के लिए नेहा शर्मा है लकीः आपको बता दें कि फिल्म अभिनेत्री नेहा शर्मा अजित शर्मा के लिए लकी साबित होती है. नेहा ने दो बार विधानसभा में रोड शो किया और दोनों बार विजयी भी हुए. इस बार लोकसभा में भी नेहा शर्मा ने रोड शो किया, युवाओं से वोट की अपील भी की. नेहा के साथ युवा सेल्फी लेते भी नजर आए. वहीं अलग–अलग विधानसभा में नेहा रोड शो करेगी। नेहा शर्मा कई बॉलीवुड कई फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।

आखिर किस भय में ध्रुवीकरण का दांव खेलकर झूठ बोल रहे हैं पीएम?

लोक तंत्र की आवाज

अलीगढ़। प्रधान नरेंद्र मोदी के राजस्थान में रविवार को दिए गए बेहद आपत्तिजनक भाषण के खिलाफ पूरा देश आंदोलित है। कांग्रेस और सीपीएम ने इस मामले की शिकायत चुनाव आयोग से की है। हजारों की संख्या में देश के नागरिकों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर मामले का संज्ञान लेने और उचित कार्रवा करने की मांग की है। लेकिन, विडंबना है कि इस सबके बीच प्रधानमंत्री ने लगभग उन्हीं शब्दों को उत्तर प्रदेश की अलीगढ़ रैली में दोहरा दिया।

मोदी ने राजस्थान में कहा था कि सत्ता में आने पर कांग्रेस देश की संपत्ति लोगों से छीनकर घुसपैठियों और अधिक बच्चे पैदा करने वालों को बांट देगी। स्पष्ट रूप से उनका इशारा मुस्लिम समुदाय की तरफ था। उन्होंने यहां तक कहा कि कांग्रेस का इरादा देश की नारी के मंगलसूत्र छीनने का है। मोदी ने (झूठ बोलते हुए) कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में ऐसा कहा है।

लेकिन तथ्य यह है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में इस किस्म की बात होना तो दूर मुस्लिम या हिंदू शब्द तक का इस्तेमाल नहीं किया गया है। कांग्रेस ने 5 अप्रैल को अपना घोषणा पत्र जारी किया था जिसे प्रधानमंत्री ने मुस्लिम लीग का घोषणापत्र कहा था। प्रधानमंत्री जिस किस्म के भाषण दे रहे हैं वह पूर्व नियोजित और एक साजिश के तहत सच छिपाने की कोशिश है। सवाल है कि आखिर क्यों? आखिर एक ऐसा नेता जो खुद को दुनिया का सबसे शक्तिशाली नेता मानता हो, जिसे खुद के सत्ता में लौटने का पूरा भरोसा हो, आखिर वह क्यों इस किस्म के झूठे, अपमानजनक और मर्यादाहीन शब्दों का प्रयोग करेगा? उन्हें तो अच्छी तरह एहसास होगा कि इस बारे में चुनाव आयोग से उनकी शिकायत की जाएगी। लेकिन शायद उन्हें भरोसा है कि चुनाव आयोग उनके खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पाएगा। चुनाव आयोग के पास शक्तियां हैं कि वह मामले का संज्ञान लेकर उनके प्रचार करने पर पाबंदी लगा दे, पूरे चुनाव के लिए नहीं तो दो–चार दिन के लिए तो रोक लगा ही सकता था। चुनाव आयोग कई मामलों में ऐसे कदम उठाता रहा है। लेकिन 48 घंटे गुजरने के बाद भी चुनाव आयोग अभी तक सो रहा है।

कांग्रेस और सीपीएम के अलावा देश के हजारों प्रबुद्ध और जागरुक नागिरिकों ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। लेकिन आयोग ने इस पूरे मामले पर अभी तक खामोशी ओढ़ रखी है। लेकिन पीएम को शायद भरोसा है कि चुनाव आयोग इस मामले में खामोश ही रहेगा क्योंकि उसे तो उन्होंने ही चुना है।समझना तो यह भी होगा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का प्रधानमंत्री ऐसी बदनामी का जोखिम क्यों उठाएगा और खुले झूठ का सहारा क्यों लेगा? उन्होंने तो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के दिसबंर 2006 में दिए बयान तक को तोड़ मरोड़कर पेश कर दिया। और न तो पीएमओ और न ही बीजेपी को इस शर्मनाक झूठ को न्यायसंगत ठहराने में संकोच हुआ।



पी चिदंबरम ने जवाब में पोस्ट लिखकर बीजेपी से सवाल पूछा

1. आखिर कब और कहां कांग्रेस ने कहा है कि वह देश के लोगों की संपत्ति, गहने और अन्य सामान को छीनकर मुस्लिमों को बांटेगी?
2. कांग्रेस ने कहां कहा है कि वह देश में लोगों की संपत्तियों का सर्वे कराएगी और महिलाओं के सोने के गहनों (मंगलसूत्र) और आदिवासी परिवारों की चांदी की जानकारी हासिल करेगी?
3. कब और कहां कांग्रेस ने कहा है कि सरकारी कर्मचारियों की जमीन और नकदी छीनकर लोगों को बांट दी जाएगी?

इस सबके पीछे संभवत

बीजेपी का खौफ और लोकसभा चुनावों में हार की आशंका ही कारण हो सकता है। कई और कारण भी गिनाए जा रहे हैं। इनमें से सबसे सटीक जो नजर आता है वह यह है कि पहले चरण के मतदान से मिले फीडबैक के बाद प्रधानमंत्री ने खुलकर माहौल का ध्रुवीकरण करने का फैसला किया है और लोगों से भारी संख्या में मतदान की उम्मीद की है।दूसरा कारण जो गिनाया जा रहा है वह यह कि प्रधानमंत्री दरअसल इस बात से हिले हुए हैं कि उनके पसंदीदा पूंजीपतियों की संपत्ति की बात उठती रही है। हालांकि कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कही भी संपत्ति के बंटवारे की बात नहीं की है, अलबत्ता यह जरूर कहा है कि देश में असमानता और अन्याय को खत्म करने के लिए कदम उठाए जाएंगे।

कभी 'भ्रष्टाचार का केंद्र' था नोएडा अब बिजनेस सेंटरः राजनाथ सिंह

लोक तंत्र की आवाज

नोएडा। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि किसी जमाने में नोएडा को 'भ्रष्टाचार के केंद्र' के रूप में जाना जाता था लेकिन भाजपा की डबल इंजन सरकार के प्रयासों से यह 'व्यापार के केंद्र' में तब्दील हो गया है।

रक्षा मंत्री ने राज्य की पिछली गैर भाजपा सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इस क्षेत्र में पहले अपराधियों का बोलबाला रहता था, जिसके कारण लोग यहां से पलायन करते थे लेकिन अब यह बीते दिनों की बात हो चुकी है. सिंह, गौतम बौद्ध नगर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार महेश शर्मा के समर्थन में ग्रेटर नोएडा के बिसाहा गांव में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे।

इस सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होना है. उन्होंने कहा, आप लोग नोएडा के बारे में बहुत अच्छे से जानते हैं. एक समय था जब नोएडा उत्तर प्रदेश के राजनेताओं के लिए भ्रष्टाचार का केंद्र था. अधिकारियों के लिए भी ऐसा कहा जाता था कि भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा केंद्र अगर कोई है तो वह नोएडा है।

उन्होंने कहा, ₹लेकिन आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नोएडा अब भ्रष्टाचार का केंद्र नहीं बल्कि व्यापार का केंद्र बन गया है.₹ भाजपा नेता ने राज्य में 'डबल इंजन' सरकार की सराहना करते हुए कहा, ₹इस क्षेत्र में अपराधियों का जिस तरह का खौफ था, जिस तरह का उनका बोलबाला था, यहां तक खबरें थीं कि कुछ लोग यहां से पलायन कर रहे थे. ये सब अब अतीत की बातें हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे भारत में अगर कोई जगह पर्यटन, कानून व्यवस्था के लिए जानी जाती है तो वह नोएडा है. रक्षा मंत्री ने कहा कि आज जहां तक उत्तर प्रदेश का सवाल है, यह प्रदेश अब आपराधिक रिकॉर्ड के लिए नहीं बल्कि भारत के कोने–कोने और दुनिया के अन्य देशों से आने वाले भारी निवेश, उत्कृष्ट कानून–व्यवस्था, एक्सप्रेसवे की चमक के लिए जाना जाता है।

बड़े साइज में विज्ञापन छपवाकर माफी मांगें रामदेव व बालकृष्ण से सुप्रीम कोर्ट

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। पतंजलि आयुर्वेद द्वारा अपनी दवाओं के लिए 'भ्रामक दावों' को लेकर अदालत की अवमानना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान रामदेव को कड़ी फटकार लगाई. इसके साथ ही रामदेव और बाल कृष्ण को अदालत ने 30 अप्रैल को फिर से पेश होने का आदेश दिया है. सुनवाई के दौरान अदालत ने रामदेव को आदेश दिया कि वह बड़े साइज में पतंजलि माफीनामे का विज्ञापन फिर से जारी करें. अदालत की फटकार के दौरान रामदेव ने नया विज्ञापन छपवाने की बात सुप्रीम कोर्ट से कही थी, जिसकी अदालत ने मंजूरी दे दी।

रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत से कहा कि हमने माफ़ीनामा दायर किया है. इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने पूछा कि इसे कल क्यों दायर किया गया. हम अब बंडलों को नहीं देख सकते, इसे हमें पहले ही दिया जाना चाहिए था. वहीं जस्टिस अमानुल्लाह ने पूछा कि यह कहां प्रकाशित हुआ है. जिसका जवाब देते हुए मुकुल रोहतगी ने बताया कि 67 अख़बारों में दिया गया है. जिस पर जस्टिस कोहली ने पूछा कि क्या यह आपके पिछले विज्ञापनों के समान आकार का था. जिस पर रामदेव के वकील ने कहा कि नहीं, इस पर 10 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने स्वास्थ्य मंत्रालय को लिया आड़े हाथोंः सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें एक आवेदन मिला है जिसमें पतंजलि के खिलाफ ऐसी याचिका दायर करने के लिए आईएमए पर 1000 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने की मांग की गई है.रामदेव के वकील रोहतगी ने कहा कि मेरा इससे कोई लेना–देना नहीं है. अदालत ने कहा कि मुझे इस आवेदक की बात सुनने दें और फिर उस पर जुर्माना लगाएंगे. हमें शक है कि क्या यह एक प्रॉक्सी याचिका है. वहीं अदालत ने भ्रामक सूचनाओं पर कार्रवाई करने के लिए नियमों में संशोधन करने के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय को आड़े हाथों लिया. वहीं जस्टिस कोहली ने (यूनियन से) कहा कि अब आप नियम 170 को वापस लेना चाहते हैं. अगर आपने ऐसा निर्णय लिया है, तो आपके साथ क्या हुआ? आप सिर्फ उस अधिनियम के तहत कार्य करना क्यों चुनते हैं जिसे उत्तरदाताओं ने 'पुरातन' कहा है।

खबर के साथ–साथ चल रहा पतंजलि का विज्ञापन-सुप्रीम कोर्टः सुनवाई के दौरान जस्टिस अमानुल्ला ने सवाल उठाया कि एक चैनल पतंजलि के ताजा मामले की खबर दिखा रहा था और उस पर पतंजलि का विज्ञापन चल रहा था. अदालत ने कहा कि क्टअ ने कहा की वो इस मामले में कंज्यूमर एक्ट को भी याचिका में शामिल कर सकते है. ऐसे में सूचना प्रसारण मंत्रालय का क्या. हमनें देखा है की पतंजलि मामले में टीवी पर दिखाया जा रहा है कि कोर्ट क्या कह रहा है, ठीक उसी समय एक हिस्से में पतंजलि का विज्ञापन चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि आपको यह बताना होगा कि विज्ञापन परिषद ने ऐसे विज्ञापनों का मुकाबला करने के लिए क्या किया. इसके सदस्यों ने भी ऐसे उत्पादों का समर्थन किया. आपके सदस्य दवाएं लिख रहे हैं.. अदालत ने कहा कि हम केवल इन लोगों को नहीं देख रहे हैं. जिस तरह की कवरेज हमारे पास है वो देखी, अब हम हम बच्चों, शिशुओं, महिलाओं समेत सभी को देख रहे हैं. किसी को भी राइड के लिए नहीं ले जाया जा सकता है. केंद्र को इस पर जागना चाहिए. अदालत ने कहा कि मामला केवल पतंजलि का नहीं है, दूसरी कंपनियों के भ्रामक विज्ञापनों को लेकर भी है।

सुप्रीम कोर्ट ने रामदेव से क्या कहा था?

उच्चतम न्यायालय ने पतंजलि आयुर्वेद के उत्पादों और उनके चिकित्सकीय प्रभावों के विज्ञापनों से संबंधित अवमानना कार्यवाही के मामले में मंगलवार को योग गुरु रामदेव और कंपनी के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण से व्यक्तिगत रूप से अपने समक्ष पेश होने को कहा था. न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कंपनी और बालकृष्ण को पहले जारी किए गए अदालत के नोटिसों का जवाब दाखिल नहीं करने पर कड़ी आपत्ति जताई थी. उन्हें नोटिस जारी कर पूछा गया था कि अदालत को दिए गए वचन का प्रथम दृष्टया उल्लंघन करने के लिए उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने रामदेव को नोटिस जारी कर पूछा था कि उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही क्यों नहीं शुरू की जाए।

साउथ में साफ, नॉर्थ में हाफ... कांग्रेस को कैसे मिला इतना कॉन्फिडेंस

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण का मतदान समाप्त हो चुका है. जिसके बाद सभी सियासी दल नई ऊर्जा के साथ फिर चुनाव प्रचार में जुट गए हैं. दक्षिण से उत्तर और पूरब से पश्चिम.. देश के हर कोने में चुनावी रैलियां हो रही हैं. पीएम मोदी लगातार चुनावी रैलियां कर रहे हैं और विरोधियों पर हमला कर रहे हैं. कांग्रेस और विपक्षी दलों के इंडिया अलायंस ने भी पूरी ताकत झोंक दी है. कांग्रेस यहां तक दावा कर रही है कि भाजपा को 150 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी. आइये जानने की कोशिश करते हैं.. अचानक कांग्रेस को ऐसा कौन सा मंत्र मिल गया कि उसका जोश और भरोसा सातवें आसमान पर पहुंच गया।

राहुल गांधी का दावाः पहले कांग्रेस के दावे के बारे में जान लेते हैं. बिहार में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने भाजपा के लोकसभा चुनाव में 400 से ज्यादा सीटें जीतने के दावों पर कटाक्ष किया. उन्होंने कहा कि बीजेपी 150 से ज्यादा सीटें पार नहीं करेगी. राहुल ने कथित तौर पर भारत के संविधान को नष्ट करने के लिए भाजपा और आरएसएस पर भी हमला बोला।

बीजेपी को 150 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगीः राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा नेता लगातार दावा कर रहे हैं कि वे इस चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेंगे. मैं ये कह दूं कि बीजेपी को 150 से ज्यादा सीटें नहीं मिलेंगी. उन्हें कुछ भी कहने दीजिए, उन्हें 150 से ऊपर एक भी सीट नहीं मिलेगी. ये चुनाव देश में लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए है. कांग्रेस और इंडिया अलायंस संविधान और लोकतंत्र को बचाने में लगा हुआ है. दूसरी तरफ आरएसएस–बीजेपी संविधान और लोकतंत्र को नष्ट कर रही है. भारत के गरीबों को आज तक जो कुछ भी मिला है, वह संविधान से मिला है और अगर संविधान खत्म हो गया तो गरीबों से सब कुछ छीन लिया जाएगा।

पीएम मोदी पर साधा निशानाः राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर हमला किया और उन पर देश की संपत्ति कुछ उद्योगपतियों को सौंपने का आरोप लगाया. उन्होंने आरोप लगाया कि देश में 22 लोगों के पास 70 करोड़ भारतीयों के बराबर संपत्ति है. उन्होंने यह भी दावा किया कि देश में 70 करोड़ लोगों की आय 100 रुपये से कम है और देश की संपत्ति अंबानी और अडानी को दी गई है. नरेंद्र मोदी जी ने 20 से 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया. यह राशि हमारे कार्यकाल में 25 बार किसानों का कर्ज माफ करने के बराबर है. कांग्रेस और इंडिया अलायसं ने फैसला किया है कि जो राशि मोदी जी ने उद्योगपतियों को दी, वही राशि हम गरीबों को देंगे।

भाजपा को दे रही सिर्फ 150 सीटें?

कांग्रेस के दावे में कितना दम?

कांग्रेस ने ऐसे ही दावे मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में किए थे. भाजपा पर संविधान को नष्ट करने और गरीबों के साथ छल करने का आरोप लगाया था. लेकिन नतीजों में बिल्कुल भी असर नहीं दिखा था. अब वर्तमान में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का भाजपा पर हमला तो ठीक है. लेकिन उसका यह दावा कि भाजपा को 150 के आंकड़े में सिमट जाएगी.. इसे समझना और स्वीकार कर पाना मुश्किल है।

दानिश अली के कारण अमरोहा तो अमेठी-रायबरेली से भी महत्वपूर्ण हो गया!

लोक तंत्र की आवाज

यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट

अमरोहा। दानिश अली के कारण अमरोहा भी यूपी की वीआईपी सीट हो गई है. वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यूपी के वाराणसी से ही चुनाव लड़ते हैं, लेकिन 2014 से ही बीजेपी की नजर अमेठी और रायबरेली जैसी लोकसभा सीटों पर लगी हुई है, और बिलकुल वैसा ही हाल मैनपुरी लोकसभा सीट पर भी है, जहां से डिंपल यादव समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार हैं।

अमेठी और रायबरेली से गांधी परिवार का कोई सदस्य चुनाव लड़े या नहीं, लेकिन यूपी की राजनीति के हिसाब से महत्वपूर्ण सीटें तो हैं ही. समाजवादी पार्टी के साथ चुनावी गठबंधन के तहत ये दोनों सीटें कांग्रेस के हिस्से में हैं, और ऐसी ही 17 सीटों में से एक अमरोहा भी है. अमेठी और रायबरेली में पांचवें चरण में 20 मई को वोट डाले जाने हैं, जब यूपी की 14 सीटों पर मतदान होंगे – लेकिन उससे पहले अमरोहा की बारी है।

अमरोहा में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे, जहां से कुंअर दानिश अली कांग्रेस और समाजवादी गठबंधन के उम्मीदवार हैं – और यही वजह है कि सारे स्टार कैंपेनर एक एक करके अमरोहा लोकसभा सीट पर धावा बोल रहे हैं. 2019 में दानिश अली सपा–बसपा गठबंधन के उम्मीदवार थे, और तब ये सीट बसपा के हिस्से में पड़ी थी।

बसपा के टिकट पर लोकसभा पहुंचे दानिश अली इस बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. संसद में बीजेपी सांसद रमेश बिधूड़ी की तरफ से टारगेट किये जाने के बाद जब बसपा का साथ नहीं मिला तो राहुल गांधी आगे आये थे – और दानिश अली की लड़ाई में साथ देने का भरोसा दिलाया था।

राहुल गांधी वादा निभाते हुए अखिलेश यादव के साथ अमरोहा पहुंच कर दानिश अली के लिए रैली भी की है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो दानिश अली को टारगेट किया ही है, बसपा नेता मायावती भी धावा बोल देती हैं – लेकिन मोदी और मायावती के हमलों को दानिश अली अपने लिए कॉम्प्लीमेंट बता रहे हैं।

मोदी और मायावती के निशाने पर दानिश अलीः मोदी और मायावती के निशाने पर दानिश अली होते जरूर हैं, लेकिन दोनों में से कोई भी उनका नाम लेकर कुछ नहीं कहता. दानिश अली को टारगेट करते हुए प्रधानमंत्री मोदी 'ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले' या 'घुसपैठिया' जैसी बातें तो नहीं करते, लेकिन राम मंदिर उद्घाटन के न्योते की याद दिलाकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को एक साथ कठघरे में खड़ा करने की कोशिश जरूर करते हैं। यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती, दानिश अली को धोखेबाज नेता के रूप में निशाना बनाती हैं, दानिश अली को लेकर मोदी का ये भाषण तो रमेश बिधूड़ी के ऐक्ट को एनडोर्स ही करता है. रमेश बिधूड़ी के सामने तो मन से माफी न मिल पाने जैसी कोई मुश्किल भी नहीं नजर आ रही है. ये ठीक है कि रमेश बिधूड़ी को भी दिल्ली से बीजेपी का टिकट नहीं मिला है, लेकिन उसके बावजूद वो मोदी की नजर में मनोज तिवारी से कम अहमियत नहीं रखते. जैसे दानिश अली पर हमले के बाद रमेश बिधूड़ी को राजस्थान विधानसभा चुनाव के दौरान टोंक का प्रभारी बनाया गया था।

अयोध्या के बाद बिहार के सीतामढ़ी में भी होगा कायापलट पीएम कर सकते हैं भूमि पूजन, बनेगी 251 फीट की मूर्ति

लोक तंत्र की आवाज

सीतामढ़ी। सीतामढ़ी माता सीता की जन्मस्थली हैं. यहीं के पुनौरा धाम में सीता माता की भव्य और दिव्य प्रतिमा का जल्द ही निर्माण किया जाएगा. 50 एकड़ जमीन में फैले मंदिर में मां सीता की 251 फीट उंची प्रतिमा का निर्माण कराया जाना है. इसकी तैयारी वर्ष 2018 से ही चल रही है. इसके लिए 30 एकड़ जमीन भी उपलब्ध कराई जा चुकी है. इस संबंध में रामायण रिसर्च काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज ने कहा कि कुछ ही दिनों में प्रक्रिया पूरी होते ही वह स्वयं सीतामढ़ी आकर मंदिर निर्माण कार्य के स्थान, कार्य के चरण एवं प्रारूप की घोषणा करेंगे।

पीएम से करेंगे भूमि पूजन करने का आग्रहस्वामी सांदीपेंद्र जी महाराज ने कहा कि लोकसभा चुनाव समाप्त होते ही वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस विषय को लेकर भेंट करेंगे और सीतामढ़ी में उक्त स्थल की भूमि–पूजन करने का प्रस्ताव भी रखेंगे. राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2018 में जब उन्होंने सीतामढ़ी में काउंसिल के तत्वावधान में इस प्रयास की शुरूआत की थी, तब मां सीता जी को लेकर बस बातें ही होती थी. लेकिन, आज काउंसिल की लगातार पहल के बाद कई संस्थाएं जागृत हुई हैं।

कुछ लोग तो काउंसिल से ही प्रेरित होकर मां सीता को भगवती के रूप में स्थापित करने की सलाह भी दे रहे हैं, जो स्वागत–योग्य है. आपको बता दें कि काउंसिल की पहल पर अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण से जुड़े आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा सीतामढ़ी का विजिट भी कर चुके हैं।

प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में दी ऐसी दलील सुनते ही जज साहब बोले-अगर ऐसा है तो

लोक तंत्र की आवाज

नई दिल्ली। साल 2021 में किसान आंदोलन के दौरान हुए लखीमपुर खीरी कांड मामले में मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा की ओर से दायर नियमित जमानत याचिका पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अगर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे और 2021 में हुई लखीमपुर खीरी हिंसा के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा उत्तर प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियों में लिप्त पाया गया, तो इसे अंतरिम जमानत की शर्तों का उल्लंघन माना जाएगा. मामले में पीड़ित परिवारों की ओर से पेश प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया है कि आशीष राजनीतिक रूप से सक्रिय है।

सुप्रीम कोर्ट से आशीष मिश्रा को मिली अंतरिम जमानत फिलहाल बरकरार रहेगी. हालांकि, सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष पीड़ित परिवारों की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने बताया कि आशीष मिश्रा राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेता है और एक वीडियो में उसे ट्राइसाइकिल वितरित करते देखा गया था. प्रशांत भूषण ने कहा, 'कोर्ट ने मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत देते हुए उसके उत्तर प्रदेश में प्रवेश करने पर पाबंदी लगा दी थी, लेकिन वह राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग ले रहा है। प्रशांत भूषण ने आगे कहा कि वह उन वीडियो के साथ कोर्ट में एक हलफनामा पेश करेंगे, इसमें आशीष मिश्रा को साइकिल वितरित करते हुए देखा जा सकता है. इस पर जस्टिस कांत ने कहा, 'अगर वह किसी समारोह में शामिल हो रहा है, तो यह निश्चित रूप से अंतरिम जमानत की शर्त का उल्लंघन है.' इसके बाद इन आरोपों का खंडन करते हुए आशीष मिश्रा के वकील सिद्धार्थ दवे ने कहा कि ट्रायल कोर्ट में सुनवाई होने पर उनका मुवक्किल एक दिन पहले यूपी में प्रवेश करता है और अगले दिन वापस लौट जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रशांत भूषण से राजनीतिक गतिविधियों में आशीष मिश्रा की भागीदारी के संबंध में हलफनामा पेश करने को कहा।



संक्षिप्त खबरें I

भीषण गर्मी में समाजसेवी मुन्ना डालमिया ने शोभायात्रा में बांटें शीतल शरबत

गया। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में गर्मी और चिल्लाती धूप के बीच निकाली गई प्रभात फेरी में कई जगहों पर श्रद्धालुओं के बीच शीतल शरबत का वितरण कर स्वागत किया गया है। इसी कड़ी में केपी रोड में श्री रामचरितमानस नवाह पारायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी शिव कैलाश डालमिया उर्फ मुन्ना बाबू के सौजन्य से श्रद्धालुओं के बीच शीतल पेय और अल्पाहार का वितरण कर प्यास बुझाई है। उन्होंने अपने हाथों से शीतल शरबत ठंडई घोलकर श्रद्धालुओं के बीच परोसाहै । इस मौके पर विनोद जसरापुरिया ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए मानव सेवा को सर्वोपरि मानकर श्रद्धालुओं के बीच शीतल पर पदार्थ का वितरण किया गया है। लोगों ने ठंडई का सेवन कर राहत की सांस ली।

खरौन्ध के रेलवे लाइन के समीप पुलिस ने 93 लीटर शराब के साथ एक व्यक्ति को किया गिरफ्तार

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला
पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र के हेमजा भारत गांव के समीप रेलवे लाइन के किनारे से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति हेमजा भारत गांव के राजकुमार मांझी बताया गया है। सिरदला पुलिस के मुताबिक इनके द्वारा अवैध देसी महुआ शराब करीब 93 लीटर का परिवहन किया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत सिरदला थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ब्यहवार न्यायालय नवादा भेज दिया गया है।

अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर किया गया जब्त,प्राथमिकी दर्ज

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार अभियान चल रहा है, लेकिन फिर भी बालू माफिया अपने हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिदिन अवैध तरीके से नदियों से बालू का खनन कर रहे हैं।जिससे सरकार के लाखों रुपए के राजस्व का चूना खनन माफियाओं के द्वारा लगाया जा रहा है। इसी बीच मंगलवार को अवैध बालू खनन के खिलाफ रजौली थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एसआई गौतम कुमार की अगुवाई में गुप्त सूचना पर रजौली के सिमरकोल स्थित धनार्जय नदी बालू घाट से बालू चोरी में संलिप्त एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया।हालांकि ट्रैक्टर के चालक सह मालिक फरार होने में सफल हो गए।थानाध्यक्ष ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरकोल के धनार्जय नदी बालू घाट से बालू की चोरी की जा रही है। फलस्वरूप एसआई गौतम कुमार के नेतृत्व में टीम बनाकर कार्रवाई के लिए भेजा गया।जिसमें एक अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। बालू लदे ट्रैक्टर को थाना परिसर में जब्त कर रखा गया है।इसकी सूचना खनन पदाधिकारी नवादा को दे दी गई है।खनन पदाधिकारी के निर्देशानुसार ट्रैक्टर मालिक सह चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

गया:श्रद्धा के साथ मनाया गया श्री बालाजी हनुमान का न्मोत्सव, निकाली गई प्रभात फेरी बालाजी को लगा 56 प्रकार का भोग

ब्राह्मणों के द्वारा लगातार 12 घंटे तक रामायण पाठ, सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया है

लोकतंत्र की आवाज़

गया। चैत्र पूर्णिमा के पावन अवसर पर रामदूत श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव शहर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया।पूर्णिमा और मंगलवार होने के कारण हनुमान मंदिरों में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ देखी गई हू। शहर के गोल पत्थर हनुमान मंदिर,विष्णुपद मंदिर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, जनकपुर स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, बाईपास स्थित बड़े हनुमान मंदिर, शहीद रोड स्थित सालासर बालाजी मंदिर, रामशिला पहाड़ी स्थित हनुमान मंदिर,गांधी चौक स्थित बाल हनुमान मंदिर समेत कई अन्य हनुमान मंदिरों में अहले सुबह से ही दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्त जनों हनुमान जी को बेसन के लड्डू का प्रसाद अर्पित किया और माला– फूल से श्रृंगार कर विशेष आराधना की है।शहर के शहीद रोड स्थित श्री सालासर बालाजी मंदिर में बालाजी हनुमान का जन्मोत्सव पूरे धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह में प्रभात फेरी निकालकर की गई है। बालाजी हनुमान की तस्वीर को खुले वाहन में विराजमान कराकर नगर भ्रमण कराया गया है। शोभा यात्रा में महिलाएं एवं पुरुष विशेष परिधान से सुसज्जित होकर हाथों में भगवा पताका लेकर जय श्री राम और जय हनुमान के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। रास्ते भर प्रभु श्री राम के जयकारे में लीन होकर लोग झूम रहे थे। जगह–जगह शोभा यात्रा का स्वागत पुष्प वर्षाकर किया गया एवं हनुमान जी का पूजन कर आरती की गई है। शोभायात्रा शाहिद रोड से निकलकर रंग बहादुर रोड जीबी रोड,टेकारी रोड, पुरानी गोदाम, केपी रोड,लहेरिया टोला होते हुए मंदिर पहुंचा।जहां सालासर मंदिर में आचार्य पं सुरेंद्र पांडेय के निर्देशन में पं राकेश पांडेय, पं दीपक पांडेय एवं पं रंजीत पांडेय ने पूरे हनुमंत स्तोत्र एवं वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच बालाजी हनुमान को षोडषोपचार पूर्वक दुग्धाभिषेक कर विशेष पूजा–अर्चना की गई। ध्वजारोहण व अखंड ज्योत जलाकर हवन पूजन किया गया है।बालाजी के विग्रह रूप को रंग– बिरंगे फूलों से अलौकिक एवं दिव्य श्रृंगार कर लड्डू,फल, प्रसाद अर्पित कर मंगल आरती की गई है। श्रद्धालुओं ने संगीत मय सुंदरकांड का पाठ कर हनुमान जी का गुणगान किया है।

ब्राह्मणों के द्वारा लगातार 12 घंटे तक रामायण पाठ, सुंदरकांड का पाठ एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया गया है। जिससे पूरा माहौल धर्म भक्तिमय हो गया है। मंदिर में हनुमान जी के दर्शन के लिए सुबह से देर रात तक राम भक्तों का तांता लगा रहा। पुरानी गोदाम स्थित मारवाड़ी पंचायत भवन में जमशेदपुर के प्रसिद्ध भजन गायक श्री कृष्णमूर्ति की टीम, भजन गायक बलवीर सिंह एवं रिया कौर द्वारा एक से बढ़कर एक धार्मिक गीतो और भजनों की श्रृंखला प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया है। जिसमें देर रात तक लोग भक्ति के रस में गोते लगाते रहे हैं।

इस अवसर पर समाज सेवी शिव कैलाश डालमिया, महेंद्र मोर, विनोद जसरापुरिया, पवन मोर, पप्पू कथुरिया, संजय अग्रवाल विनोद धानुका, संजय पोद्दार शिवरतन धानुका, परमजीत सिंह, प्रवीण मोर, राजेंद्र बरनवाल एवं मनीष कुमार बरनवाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

धमौल में निकाला गया भव्य शोभायात्रा हनुमान जी की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अनुष्ठान शुरू

लोक तंत्र की आवाज़

सिटी रिपोर्टर। पकरीबरावां
धमौल के भोजपुर टोला में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में कलश शोभायात्रा निकाला गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। दर्जनों महिलाओं एवं बच्चियों ने सिर पर कलश लेकर जब सड़कों पर निकली तो पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। तपती गर्मी एवं धूप में भी इन महिलाओं एवं बच्चियों का उत्साह कम नहीं हुआ। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु बाजार भ्रमण करते हुए देवी स्थान के पास पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में जल भरा गया। आचार्य अनुरंजन पांडेय की देखरेख में कलश में जल भरा गया। तत्पश्चात, वहां से ठाकुरबाड़ी एवं दुर्गा मंदिर होते हुए नवनिर्मित मंदिर के पास पहुंचें, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। पूजा कमिटी की ओर से श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। पूजा कमिटी के जयप्रकाश यादव, टीपू सिंह आदि ने बताया कि नवनिर्मित मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। इसकी शुरुआत मंगलवार को कलश शोभायात्रा से की गई। आचार्य अनुरंजन पांडेय, भोला पांडेय उमेश पांडेय एवं टिंकू पांडेय की देखरेख में अनुष्ठान संपन्न होगा। मंगलवार की दोपहर से 24 घंटे का रामधुनी शुरू हुआ, जो बुधवार तक चलेगा।उन्होंने बताया कि हरि कीर्तन के बाद मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। इसके उपरांत गुरुवार को हनुमान जी की मूर्ति को पूरे धमौल में भ्रमण कराया जाएगा। तत्पश्चात, मूर्ति मंदिर में स्थायी रूप से स्थापित कर दी जाएगी।पूरे अनुष्ठान को सफल बनाने के लिए उपेंद्र सिंह, जवाहर यादव, जितेंद्र कुमार, केदार प्रसाद यादव, इंद्रदेव यादव सहित अन्य ग्रामीण जोर– शोर से जुटे हैं।

नवादा में चलती बोलेरो में लगी आग , धू –धुकर जलती बोलेरो से जान बचाकर भागे सवार

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार
नवादा। नवादा के पॉश इलाके एक चलती बोलेरो में अचानक आग लग गयी ,जिसके बाद बोलेरो सवार ने भागकर जान बचाया। घटना के बाद पूरे बाजार में अफरातफरी का माहौल हो गया। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जबतक बोलेरो पुरी जलकर नष्ट हो गया। घटना नगर थानाक्षेत्र के स्टेशन रोड बाजार में घटी है। बताया गया है कि पुलिस मेंस एसोसिएशन के उपमहामंत्री संजीत कुमार अपने परिवार को नवादा रेलवे स्टेशन छोड़कर वापस लौट रहे थे ,तभी अचानक बोलेरो से तेज धुंआ निकलने लगा। जिसके बाद गाड़ी रोकर वाहन मालिक बाहर निकले। अचानक देखते – देखते बोलेरो में पुरी तरह से आग पकड़ लिया। आग के लपेटे इतने तेज थे कि आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। स्थानीय लोगों आग पर काबू पाने का प्रयास किया ,फिर भी आग नहीं बुझा तो दमकल को फोनकर सूचना दिया गया। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक बोलेरो पुरी तरह से जल गया। घटनास्थल पर नगर थाने की पुलिस पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी।

राजाबिगहा गांव में श्रीसीताराम महायज्ञ के लिए भव्य कलश जलयात्रा आज अष्टोत्तर शत 108 कुण्डलिय श्री सीताराम महायज्ञ के लिए सभी तैयारियां पूरी, 25 अप्रैल से 3 मई तक होगा यज्ञ

लोक तंत्र की आवाज़

नरहट (नवादा)। प्रखण्ड के राजाबिगहा गांव में 25 अप्रैल से 3 मई तक अष्टोत्तर शत 108 कुण्डलिय श्रीसीताराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ के लिए वुधवार 24 अप्रैल सुबह भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी।राजाबिगहा निवासी भाजपा पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष उमाकांत सिंह ने बताया कि कलश शोभायात्रा यात्रा एवं 9 दिवसीय श्री सीताराम महायज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समस्त ग्रामीण यज्ञ की सफलता के लिए तन मन से उत्साह पूर्वक जुटे हुए हैं। उन्होंने बताया कि गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा की तैयारी की गई है। संयोजक झुनकी पीठाधीश्वर स्वामी श्री करुनानिधान शरण जी महाराज (सिद्धपीठ सियाराम किला झुनकी घाट श्री धाम अयोध्या जी उत्तरप्रदेश) के देख रेख में यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस यज्ञ में श्री राम कथा वाचक प्रसिध्य श्रधेय डॉ स्वामी प्रभंजननन्द शरण जी महाराज पधार रहे हैं। संगीतमय कथा का आयोजन होगा। प्रसिध्य कथाव्यास देवी चित्रलेखा जी का भी इस यज्ञ में आगमन होने से लोगों में काफी उत्साह है। आसपास के लोग इस यज्ञ को लेकर काफी उत्साहित हैं। यज्ञ में कथा प्रवचन श्रवण से लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी। यज्ञ में वृंदावन के प्रसिद्ध रासलीला कलाकारों का आगमन होने जा रहा है। वृंदावन से पधारे कलाकार भगवान श्री कृष्ण की लीला का यज्ञ में उपस्थित श्रद्धालिओं को दर्शन कराएगें। आयोजनकर्ता द्वारा भव्य और विशाल यज्ञवेदी के साथ साथ कथा श्रवण के लिए श्रद्धालिओं को बैठने के लिए पंडाल आदि की सुंदर व्यवस्था की गई है। यज्ञ में आये श्रद्धालिओं को कोई परेशानी नही हो इसके लिए यज्ञ समिति के लोग पूरी तैयारी कर रहे हैं। गर्मी काफी बढ़ गई है इसके लिए कमिटी के लोग यज्ञ में आने वाले लोगों के लिए पीने का पानी की जगह जगह व्यवस्था कर रहे हैं। पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि कलश यात्रा एवं यज्ञ की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

गया : राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन द्वारा पंचमुखी शिव मंदिर प्रांगण में निशुल्क पनशाला का शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज़

गया। महावीर जयंती एवं वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव के अवसर पर मानपुर सिक्स लेन पुल के पास पंचमुखी शिव मंदिर प्रांगण में निशुल्क पनशाला का शुभारंभ राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनीष पंकज मिश्रा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष राणा रंजीत सिंह एवं आर्दश सर्विस स्टेशन के प्रोपराइटर संजीव कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह , क्षितिज मोहन सिंह भाजपा नेता द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया है। सर्व प्रथम भगवान हनुमान जी एवं वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन बहुत ही खास है क्योंकि आज ही के दिन हनुमान जी प्रकट हुए थे और 1857 के क्रांति में 23 अप्रैल को ही बाबू वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों के दांत खट्टे करते हुए अंग्रेजों को हराने काम किया था जिनके याद में 23 अप्रैल को विजयोत्सव के रूप में सारे भारतीयों द्वारा मनाया जाता है। इसलिए हमलोगों ने आज ही निशुल्क पनशाला का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर मनीष पंकज मिश्रा, संजीव कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह राणा रंजीत सिंह, क्षितिज मोहन सिंह सुनील बम्बई,टुटू कुमार, संजय गुप्ता,कारू सिंह, उमेश कुमार, गोपाल पटवा,पीपी मिश्रा,पिंटू सिंह, बब्लू सिंह, गोरे लाल,आजाद कुमार, अखिलेश पाण्डेय,राखी अग्रवाल, सारिका वर्मा, मुन्नी देवी, मोजूद थे।

नवादा में धूमधाम से मना बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती, नवादा में जल्द बनेगा राजपूत समाज का भवन

लोक तंत्र की आवाज़

सुनील कुमार
नवादा। मंगलवार को बाबू वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव का आयोजन सुजय भान सिंह अध्यक्ष क्षत्रिय युवा संघ नवादा जिला की अध्यक्षता में बुंदेलखंड नवादा। में मनाया गया। इस कार्यक्रम में नवादा जिला के विभिन्न गाँव से राजपूत समाज के हजारों लोग उपस्थित हुए। यह विजय उत्सव के कार्यक्रम में आए लोगों ने बाबू बीर कुंवर सिंह के फोटो पर दीप जलाकर माल्यार्पण किया। उसके उपरांत समाज के उत्थान के लिए अपना अपना विचार व्यक्त किया जिसमें नवादा जिला में राजपूत समाज के लिए भवन बनाने के लिए जमीन देने की घोषणा की गई। यह घोषणा संजय सिंह उर्फ गुडुल सिंह ने जोकि नवादा शिव नगर के रहने वाले हैं। भवन बनाने के लिए लोगों ने भी घोषणा की, जिसमें कन्हैया सिंह गोलारोट नवादा ?51000 सहयोग राशि देने की घोषणा की ।साथ ही रुपेश सिंह करिगांव 25000 एवं शशि सिंह अधिवक्ता पोस्टमार्टम रोड निवासी ने भी 25 000रुपया देने की घोषणा की एवं निरंजन सिंह शिक्षक के द्वारा ?11000 सहयोग राशि देने की घोषणा कर दी गई। मंच का संचालन विनय सिंह सचिव क्षत्रिय। युवा संघ नवादा एवं अधिवक्ता शशि सिंह द्वारा किया गया आयोजनकर्ता सुनील सिंह बुंदेला द्वारा किया गया इसमें उपस्थित गणमान्य लोग जो। विभिन्न गांवों से आए जिसमें राणा सिंह खरसारी उपाध्यक्ष क्षत्रिय युवा संघ नवादा रुपेश सिंह करी गांव उपाध्यक्ष क्षत्रिय युवा संघ नवादा ,मुन्ना सिंह हल्दिया ,राना सिंह छपरा, भोली सिंह रजौली मनोज सिंह मुखिया बड़गांव, बृजेश सिंह सह सचिव भोला सिंह ,मनीष सिंह बुंदेला, मिथलेश कुमार सिंह बुंदेलखंड ,सोनी सिंह कलाली रोड, गुड्डू सिंह नवादा, रतन सिंह ,कुरमा राणा, सिंह छपरा, विराज सिंह नवादा, सतीश सिंह कुंडा ,राम नरेश सिंह बडेल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का समापन जय राजपूताना जय भवानी बाबू वीर कुंवर सिंह अमर रहे उद्घोष के साथ समापन किया गया।

बजरंगबली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई धूमधाम से कलश यात्रा

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा
रजौली। प्रखंड क्षेत्र के सिमरकोल मोड़ स्थित बजरंगबली मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मंगलवार को धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव के दर्जनों महिला एवं पुरुष शामिल हुए। सिमरकोल गांव स्थित धनार्जय नदी से कलश में जल लेकर कर नदी से सिमरकोल मोड़ स्थित हनुमान मंदिर जी के प्राण प्रतिष्ठा के लिए वेदी पूजन एवं बिधि विधान से अग्नि पूजन किया जायेगा।यज्ञ आचार्य दयानंद पांडे के द्वारा यज्ञ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बुधवार की सुबह हनुमान चालीसा पाठ एवं अखंड रामायण का पाठ किया जाएगा एवं साथ ही जलादिवास किया जाएगा।वहीं गुरुवार को मथुरा से आए गोरेलाल पांडे के द्वारा अखंड कीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ एवं पुष्पा दिवास की जाएगी। शुक्रवार को हनुमान जी को अनादिवस कराकर विधि विधान से पूजन कर वैदिक मंत्रों के साथ प्राण प्रतिष्ठा पूजन की जाएगी। शनिवार को हवन पूर्ण आहुति एवं प्रसाद का वितरण किया जाएगा।आयोजनकर्ता सह अध्यक्ष उमेश प्रसाद यादव ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मथुरा से आये पंडित उमाशंकर पांडेय के साथ उनका पूरा टीम के द्वारा रामलीला का आयोजन 23 अप्रैल से लेकर 27 अप्रैल तक रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।इस कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि प्रेमन सिंह, देवनंदन यादव,लालजीत कुमार,दिलीप राजवंशी,विराट पंडित,अमित पंडित,उमेश प्रसाद यादव सहित गांव के दर्जनों महिलाओं एवं पुरुषों का सहयोग सराहनीय रहा।

हसपुरा: बाजार में मुख्य सड़क पर आये दिन जाम की समस्या से ग्रामीण परेशान

लोक तंत्र की आवाज़

विजय कर्ण
हसपुरा(औरंगाबाद)। हसपुरा बाजार में मुख्य सड़क पर आये दिन जाम की समस्या से ग्रामीण परेशान हो गए हैं। सुबह से शाम तक कई बार सड़क जाम हो जाती है।हर समय में जाम की समस्या से ग्रामीण व आम जनता परेशान रहती।बड़े वाहन ,बाई व पैदल चलने वालों को मुख्य बाजार से निकला मुश्किल हो जाता है।लग्न में तो जाम की समस्या और व्यइन्ग्रल हो जाती है।यह बाजार का मुख्य सड़क है।यहां जिला ,अनुमण्डल से लेकर कई जगहों से यात्री वाहनों का आना जाना लगा रहता है।प्रखंड कार्यालय के नजदीक बस स्टैंड है।स्टैंड पहुंचने के लिए यात्री वाहनों को मुख्य बाजार ,पटेल चौक तथा सब्जी मंडी से गुजरना पड़ता है।सड़क का चौरा कम होने ,सड़कों पड़ सब्जी बिकने से सड़कों पर जगह कम हो जाती है।जिससे दिन भर सड़क जाम हो जाती है।इस समस्या से निजात दिलाने की मांग होती रही है पर अबतक ग्रामीणों को मांग पूरी नही हो सकी।ग्रामीण बताते हैं कि यदि सड़क अतिक्रमण से मुक्त हो जाए तो बहुत हद तक जाम कि समस्या से ग्रामीणों को छुटकारा मिल सकता है।पर स्थिति ऐसी है कि सब्जी वाले भी मंडी छोड़कर सड़क के किनारे सब्जी बेचते हैं।यहाँ बाईपास सड़क का निर्माण हो जाए तो जाम की समस्या स्वयं दूर हो जायेगी।सड़क जाम कि समस्या से खासकर स्कूली बच्चे और मरीजों को दिक्कत होती है।इससे व्यवसायियों को भी दिक्कत होती है क्योंकि दूकान में आने के लिए उनकी बाइक या साइकिल लगाने की समस्या हो जाती है।ग्रामीण मतीन्द्र कुमार,उपेंद्र कुमार,संजय प्रसाद बताते हैं कि सड़क जाम की समस्या से यहां सभी लोग परेशान है।हलांकि समय समय प्रशासन ने इस पर अमल किया है।लेकिन कुछ दिन के बाद सड़क की स्थिति वही हो जाती है।इन दिनों लगन के दौरान सड़क पर घंटों जाम में वाहन फंसी रहती है।बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि सचमुच में यह समस्या काफ़ी गंभीर है।कहा कि अभी चुनाव है लेकिन चुनाव के बाद इस समस्या का निराकरण किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें ।

मतदाता जागरूकता अभियान देवरिया के प्राथमिक विद्यालय

विनय
देवरिया। कम मतदान प्रतिशत वाले केन्द्रों पर फोकस, सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया देवरिया54 मिनट पहले देवरिया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। देवरिया में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। देवरिया में डीएम और जिला निर्वाचन अधिकारी अखंड प्रताप सिंह और स्वीप नोडल और मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पांडेय के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम के तहत विकासखंड लार के प्राथमिक विद्यालय सूतावर पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सहायक स्वीप नोडल और बीएसए शालिनी श्रीवास्तव के नेतृत्व में 'पहले मतदान फिर जलपान' की थीम पर किया गया। मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की तैयारी में देवरिया जिले के प्राथमिक विद्यालय सुतावर और कोहरा ।

शेरे पूर्वांचल बच्चा पाठक की मनाई गई पुण्यतिथिः

सोनू
बलियाः:लोकसभा प्रत्याशी नीरज शेखर ने अर्पित की पुष्पांजलि, बोले– पूर्व मंत्री का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत। बलिया के कदम चौराहे के समीप मंगलवार को शेरे पूर्वांचल के उपनाम से विभूषित पूर्व मंत्री बच्चा पाठक की पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान लोगों ने पूर्वमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा प्रत्याशी नीरज शेखर ने पूर्वमंत्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि बच्चा पाठक जो थे वह संघर्ष और राजनितियों से हमेशा दोस्ती में लड़ते हुए आज वह इसमुकाम पर खड़े थे।

बलिया के प्राथमिक विद्यालय में स्कूल चलो रैली का आयोजन

सोनू
बलिया। एआरपी बोले– शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्वों का होता हैं संचार रतसर53 मिनट पहले बलिया के शिक्षा क्षेत्र नगरा अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय तुर्की में स्कूल चलो रैली का आयोजन किया गया। रैली में कई विद्यालयों के बच्चो ने भाग लिया। रैली को एआरपी दयाशंकर और एनपीआरसी ओम प्रकाश ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

तीसरे चरण में होना है मतदान, कांग्रेस ने अभी तक घोषणा नहीं किया अपने प्रत्याशी

लोक तंत्र की आवाज

लोक सभा चुनाव 2004 अमेठी–रायबरेली को नही मिला अपना कैंडिडेट को नहीं मिल रहे

विजय
लखनऊ। समझिए पार्टी की रणनीति सपा से गठबंधन होने के बाद कांग्रेस जिन 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है उनमें तीसरे चरण में फतेहपुर सीकरी चौथे चरण में सीतापुर व कानपुर पांचवें चरण में रायबरेली अमेठी झांसी व बाराबंकी छठे चरण में इलाहाबाद तथा सातवें चरण में महाराजगंज देवरिया बांसगांव व वाराणसी सीट पर उसके हिस्से आई हैं। रायबरेली व अमेठी में अभी कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गई है।लोक सभा चुनाव 2004 अमेठी–रायबरेली को नही मिला अपना कैंडिडेट को नहीं मिल रहे

BJP **पूछ रही सवाल** तीसरे चरण में होना है मतदान, पर यहां कांग्रेस ने नहीं घोषित किए प्रत्याशी; समझिए पार्टी की रणनीति सपा से गठबंधन होने के बाद कांग्रेस जिन 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है उनमें तीसरे चरण में फतेहपुर सीकरी चौथे चरण में सीतापुर व कानपुर पांचवें चरण में रायबरेली अमेठी झांसी व बाराबंकी छठे चरण में इलाहाबाद तथा सातवें चरण में महाराजगंज देवरिया बांसगांव व वाराणसी सीट पर उसके हिस्से आई हैं। रायबरेली व अमेठी में अभी कांग्रेस उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की गई है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण से प्रचार को और तेज करने की योजना बना रही है। तीसरे चरण का मतदान सात मई को होना है। लोकसभा क्षेत्रवार स्थानीय मुद्दों के साथ ही कांग्रेस की नजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रदेश में चुनावी सभाओं में दिए गए भाषणों पर भी है। इनका अध्ययन किया जा रहा है और मोदी–योगी के हमलों पर पलटवार करने की योजना है।

हनुमान जयंती को मनाया गया धूमधाम से आज

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना
लखनऊ। अयोध्या से लेकर बनारस तक भक्तों की लगी भीड़ आज हनुमान जयंती के दिन भक्त ने बहुत धूमधाम हनुमान जयंती बनाई जगह–जगह हनुमान जी की भंडारे रखे गए और भजन कीर्तन किया गया

दूसरों की संकट की घड़ी में संकट निवारक बन उनके संकटों को अपना संकट मानकर उसके निवारण के लिए प्राणों तक को दाँव पर लगा देना श्री हनुमान जी महाराज का जीवन हमें सीख देता है। प्रभु का प्रिय बनने के लिए मानव को सदा कृतज्ञ भाव से पर सेवा और परमार्थ में निरत रहना चाहिए। दूसरों को जीतने वालों को वीर और जो स्वयं को भी जीत जाए उसे महावीर कहते हैं। श्री हनुमान जी महाराज का जीवन मानवमात्र को जितेंद्रिय बनने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। बलवान होना ही पर्याप्त नहीं है अपितु विवेकवान होना भी जीवन की अनिवार्यता है। बल, बुद्धि, विद्या, विनय, विवेक एवं स्वामी भक्ति का गुण ही श्री हनुमान जी महाराज के जीवन को जन–जन का आदर्श एवं प्रभु श्रीराम – माँ जानकी का प्रिय बनाता है। बुद्धि – विवेक के भंडार, ज्ञानियों में भी अग्रगण्य भक्त शिरोमणि हनुमान जी महाराज के मंगलमय पावन प्राकट्य उत्सव की आप सभी को अनंत शुभकामनाएं एवं मंगल बधाई।

देवरिया और सलेमपुर में चुनाव–दर–चुनाव बदलते रहे हाथी के महावत

लोक तंत्र की आवाज

विनय
देवरिया। देवरिया और सलेमपुर में चुनाव–दर–चुनाव बदलते रहे हाथी के महावत अभी तक कई लोगों को सोचा गया पुराने लोग दूसरे दलों की बढ़ा रहे शोभा, आखिरी बार 2009 में दोनों सीटें जीती थी बसपा देवरिया3 दिन पहले देवरिया जिले में दिनों दिन चुनाव प्रचार रोचक होता जा रहा है। यहां मतदान आखिरी चरण में होना है। पहले चरण के मतदान के बाद चाय की दुकानों पर राजनीतिक कयास बाजी का दौर बढ़ गया है। वहीं जिला मुख्यालय की सदर सीट और सलेमपुर सीट से बसपा ने अपने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं। इसको लेकर इलाकाई राजनैतिक पंडित दबी जबान से बसपा की रणनीति बता रहे हैं। जबकि पार्टी के जिम्मेदार इसे आखिरी चरण में चुनाव होने से सामान्य बात बता रहे हैं। सलेमपुर लोकसभा की सीट पांचवीं विधानसभा को जोड़कर बनी है।

जनता को डराकर वोट लेना चाहते हैं वो', अखिलेश यादव ने नाम लिए बिना पीएम मोदी पर साधा निशाना

लोक तंत्र की आवाज

सुगंधा
लखनऊ । अखिलेश ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर लिखा कि जिन लोगों ने मेहनत से कमाए हुए गरीबों और महिलाओं के बचाए हुए दो पैसे नोटबंदी से निकाल लिए थे वो आज गहनों की बात कर रहे हैं। सच तो यह है कि जिनके पास एक–दो गहने हैं वो मध्यवर्ग भी भाजपा के खिलाफ वोट डाल रहा है। अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधा है। कहा, भाजपा के सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग चुनावी रैली में अनर्गल बातें कहकर कांग्रेस के लिए जो झूठ फैला रहे हैं, उससे भाजपा का अपना झूठ बाहर आ रहा है एक तरफ वो दावा कर रहे हैं कि 400 सीट पाकर जीतने वाले हैं, दूसरी तरफ वो विपक्ष के जीतने पर क्या होगा कहकर जनता

को डराकर चुनाव में कुछ वोट पाना चाहते हैं। सच तो ये है कि वो अपने मन की बात किसी और के ऊपर डालकर कह रहे हैं। अखिलेश ने इंटरनेट मीडिया एक्स पर लिखा कि जिन लोगों ने मेहनत से कमाए हुए गरीबों और महिलाओं के बचाए हुए दो पैसे नोटबंदी से निकाल लिए थे वो आज गहनों की बात कर रहे हैं। सच तो यह है कि जिनके पास एक–दो गहने हैं, वो मध्यवर्ग भी भाजपा के खिलाफ वोट डाल रहा है क्योंकि बेरोजगारी और महंगाई से मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के लोग भी वैसे ही प्रभावित हैं।

अजनेरा गांव में आग से भारी तबाही गरीबों का आशियाना आग की भेंट चढ़ा भैंस बकरियां मरी विधायक रिजवी ने पीड़ितों को दिया सर ढकने को तिरिपाल

लोक तंत्र की आवाज

सोनू
सिकंदरपुर । अजनेरा गांव में आग से भारी तबाही गरीबों का आशियाना आग की भेंट चढ़ा भैंस बकरियां मरी विधायक रिजवी ने पीड़ितों को दिया सर ढकने को तिरिपालसिकंदरपुर(बलिया) विधान सभा सिकंदरपुर अंतर्गत ग्राम अजनेरा में अज्ञात कारणों से लगी आग से डेढ़ दर्जन से ज्यादा परिवारों का भारी नुकसान हुआ है। एक भैंस व दर्जनों बकरिया जल कर मर गई हैं अग्निपीड़ितों के तन पर वस्त्र के अलावा कुछ नही बचा है। आगलगी की सूचना पाकर मौके पहुंचे क्षेत्रीय विधायक जियाउद्दीन रिजवी ने पीड़ितों को सांत्वना दिया और राशन की व्यवस्था करवाया। साथ ही सर ढकने के लिए सभी पीड़ितों में तिरपाल वितरित किया।पीड़ित सभी

परिवार राजभर जाति के हैं।जिन में अधिकांश लोगों का आशियाना छप्पर का था। जो सब जल कर भस्म हो गया। विधायक मोहम्मद जियाउद्दीन रिजवी ने प्रशासन से पीड़ितों को समुचित मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सरकार ढिढोरा पीट रही है कि बेघर सभी को आवास मुहैया करा दिया गया है।जबकि अधिकांश गरीबों के पास छत उपलब्ध नहीं है।उन्होंने अग्नि से हुए नुकसान का मुआवजा एवम सभी को शीघ्र प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास मुहैया कराने की मांग किया है।

घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में आरोपिता को मिली अग्रिम जमानत

लोक तंत्र की आवाज

सोनू
वाराणसी। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (डॉ दीनानाथ तृतीय) की अदालत ने घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में आरोपिता को बड़ी राहत दे दी। लहरतारा, थाना मंडुवाडीह निवासिनी गीता जामानत को 50–50 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बन्धपत्र देने पर अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता वरूण प्रताप सिंह ने पक्ष रखा

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादिनी मुकदमा रानिका जायसवाल ने मण्डुवाडीह थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। आरोप था कि वह 15 अगस्त 2021 को अपने मायके लहरतारा आयी थी। उसके पिता की तेरहवीं 18 अगस्त 2021 को थी। उसके पिता द्वारा बनवाये हाल पर कब्जा

करने की नियत से नित्यानन्द जायसवाल व उनका पुत्र अभिषेक जायसवाल ने पशु आहार की बोरिया रख दी थी। उसे हटावाने के लिए कहने पर अपने साथ आठ – दस लोगों के साथ एक राय होकर घर में घुसकर मार पीट करने लगे, जिससे वह बेहोश हो गयी। उसकी भाभी खुश्बु जायसवाल बचाने आयी तो उनके साथ भी मार पीट करते हुए एवं जान से मारने की धमकी देते हुए अश्लीलता करते हुए ब्लाउज फाड़ दिये। उसके भतीजा आक्षांश जायसवाल को गीता जायसवाल ने दांत से काट लिया। अभियुक्तगण घर में घुसकर घटना कारित किये है। वादिनी की सूचना के आधार पर थाना मण्डुवाडीह में आरोपितों सहित अन्य दो सह आरोपित के विरुद्ध धारा 147 323, 308, 506, 354 भा०८०सं० के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। विवेचक में विवेचना के उपरान्त आरोपित के विरुद्ध धारा–323 506 452 भा०द०सं० के अन्तर्गत आरोपपत्र न्यायालय में प्रेषित किया था।

रोचक ढंग से पढ़ाने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे शिक्षक, स्कूल शिक्षा महानिदेशक ने दिए सख्त निगरानी के निर्देश

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना
लखनऊ । परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों को रोचक ढंग से पढ़ाने में शिक्षक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। स्विफ्ट चैट एप के माध्यम से निपुण भारत ऑनलाइन क्विज और गणित व विज्ञान सहित विभिन्न विषयों के शैक्षिक वीडियो का उपयोग वह नहीं कर रहे हैं। ऐसे में स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से पत्र जारी कर नाराजगी जताई गई है।

परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों को रोचक ढंग से पढ़ाने में शिक्षक दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। स्विफ्ट चैट एप के माध्यम से निपुण भारत ऑनलाइन क्विज और गणित व विज्ञान सहित विभिन्न विषयों के शैक्षिक वीडियो का उपयोग वह नहीं कर रहे हैं।



ऐसे में स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से पत्र जारी कर नाराजगी जताई गई है। कुल 1.34 लाख परिषदीय स्कूलों में पढ़ा रहे करीब छह लाख शिक्षक व शिक्षामित्रों में से मात्र 1,696 ने ही इसका उपयोग किया है।

लखनऊः किरायेदारों को किराए का मकान का सत्यापन होना है जरूरी

लोक तंत्र की आवाज

रत्ना लखनऊ । किरायेदारों को सत्यापन कराना इसलिए है जरूरी, क्यों की किराये पर रहने वाले दो युवक करते थे ये काम; मकान मालिक थोड़ा सा आलस करने के कारण अपराध बढ़ने लगी है। इसी तरह भीड़–भाड़ क्षेत्रों में लोगों के मोबाइल फोन चोरी करने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपित बगला बाजार में सुनील यादव के मकान में किराये पर रहते थे।दोनों का पुलिस सत्यापन नहीं कराया गया था। दोनों मूलरूप से झारखंड निवासी है। इंस्पेक्टर आलमबाग के मुताबिक आरोपितों के सत्यापन नहीं कराने पर मकान मालिक सुनील यादव के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपित सुंदर कुमार महतो और देवराज कुमार से चोरी के पांच मोबाइल बरामद किए हैं। अब मालिक

के खिलाफ की जा रही कार्रवाईचेन लुटेरों को पकड़ने में पुलिस नाकाम वहीं, चेन लूट की ताबड़तोड़ तीन वारदातों को अंजाम देने वाले बदमाशों का पुलिस अबतक सुराग नहीं लगा सकी है। गोमतीनगर विस्तार में शारदा अपार्टमेंट के पास हुई बलरामपुर अस्पताल के विभागाध्यक्ष डा. एसके तिवारी की पत्नी से हुई चेन लूट के बाद से वह दहशत में हैं। डा. एसके तिवारी ने सोमवार दोपहर इस संबंध में गृह सचिव राजा मौली से मुलाकात की। गृह सचिव ने उन्हें जल्द घटना के राजफाश का आश्वासन दिया और पुलिस अधिकारियों से बात की। इंस्पेक्टर गोमतीनगर विस्तार सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश में दबिश दी जा रही है उधर, बिजनौर में गोमती एंक्लेव के पास संगीता गुप्ता के साथ हुई चेन लूट के मामले में भी पुलिस के हाथ खाली हैं। रायबरेली रोड एल्डिको चौकी के पास रविवार दोपहर ई–रिक्शा सवार मोनी से हुई चेन लूट के मामले में पीजीआइ थाने की पुलिस भी अभी बदमाशों को नहीं पकड़ सकी है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का राजफाश किया जाएगा

संक्षिप्त खबरें ।

विजयोत्सव के अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत उच्च माध्यमिक विद्यालय मौलटोला में बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे मौलटोला ने टोपराटोला को 10 और 5 अंकों से पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। इस अवसर शिक्षक सर्वोत्तम कुमार शर्मा ने बताया की हर साल 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह का विजयोत्सव पूरे देश में धूमधाम से मनाया जाता है। बाबू कुंवर सिंह भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी थे। उन्होंने 23 अप्रैल 1858 को जगदीशपुर के किले को अंग्रेजों से आज़ाद कराया था। उस वक्त बाबू कुंवर सिंह की उम्र 80 साल की थी। इस अवसर पर शिक्षक अंकज कुमार मंडल, जामदार मंडल,प्रिया ,मोनी, स्वीटी सहित विद्यालय के अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

संजीवनी गंगा का निशुल्क प्याऊ अभियान

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। स्वयंसेवी संस्था संजीवनी गंगा ने पीरपैंती रेलवे स्टेशन पर निशुल्क रूप से प्याऊ अभियान चलाकर इस भीषण गर्मी में रेल यात्रियों की प्यास बुझाई। जल के पारंपरिक स्रोत घड़ों के माध्यम से 420 लीटर स्वच्छ पेयजल राहगीरों को उपलब्ध कराई गई। सभी यात्रियों ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि संस्था पुण्य का कार्य कर रही है। इस अभियान को पूर्ण सहयोग काशीलाल,कटारुका,पंकज शर्मा,कुणाल किशोर का मिला। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष अनुरंजीत कुमार, मो 0 रशीद,मनोज यादव, उमा शंकर पंडित एवं संस्था के संस्थापक मो 0 अयाज उपस्थित रहे।

मंगलवार को अचानक सोनवर्षा गांव में आग लगने से मचा कोहराम

बिहपुर । मंगलवार को नवगछिया अनुमंडल के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत बिहपुर दक्षिण पंचायत के सोनवर्षा वार्ड नंबर चार में लगभग मंगलवार को 2:00 बजे भीषण अगलगी में एक प्राइवेट कोचिंग व तीन से अधिक घर जलकर राख हो गया।आग लगते ही पूरे टोले समेत गांव में।कोहराम मच गया।ग्रामीणों ने अगलगी की जानकारी अंचलाधिकारी व थाना में दिया।मिली जानकारी आग लगने का कारण बिजली का शॉर्ट सर्किट बताया जाता हैं ।मौके पर पहुंची दमकल व ग्रामीण से जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक आग ने सबकुछ जल कर खाक हो गया ।वहीं बिहपुर अंचल से राजस्व कर्मचारी व थाना अध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर भी दलबल के साथ यहां पहुंचे थे।मिली जानकारी के अनुसार अगलगी में अरविंद राय, जयशंकर राय, धर्मेंद्र राय,ललन कुंवर के घर समेत घर में रखाअनाज,कपड़ा,भुसा,चौकी,नकद रुपय समेत सभी सामान राख हो गया।जबकि ललन कुंवर के प्राइवेट कोचिंग में ब्रेंच डैक्स टेबल कुर्सी सहित सामान जलकर खाक हो गया।

उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की अभिसरण बैठक आयोजित

बरहरवा । उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विभिन्न विभागों की अभिसरण बैठक आयोजित की गई । बैठक में उपायुक्त ने पशु पालन, कृषि,कृषि विज्ञान,कल्याण विभाग, नरेगा,मत्स्य पालन,जेएसएलपीएस द्वारा अब तक किए गए कार्यों की एक-एक कर समीक्षा की एवं संबंधित पदाधिकारियो को आगे के कार्य योजना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का,कृषि विज्ञान पदाधिकारी डॉ ए के झा,कल्याण पदाधिकारी प्रमोद आनंद,जेएसएलपीएस डी पी एम मार्टिन तारिक,पशुपालन पदाधिकारी हरिशंकर झा एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे हैं ।

भागलपुर लोकसभा के प्रत्याशी अजीत शर्मा के पक्ष में आज श्री मुकेश साहनी और पूर्व उपमुख्यमंत्री कहलगांव में

लोकतंत्र की आवाज

भागलपुर। शंकर साह विक्रमशिला विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आज सभा की अध्यक्षता पूर्व विधायक श्री रामविलास पासवान ने किया मंच संचालन श्री प्रवीण कुमार राणा पूर्व विधायक प्रतिनिधि पूर्व उपाध्यक्ष कांग्रेस ने की। लोकसभा प्रत्याशी रमेश टुडू जो मुखिया संघ के अध्यक्ष रहे, उन्होंने दलबल के साथ आज मंच पर उन्होंने अजीत शर्मा के पक्ष में वोट करने की अपील की, इनके साथ सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने आज महागठबंधन के नेता अजीत शर्मा को समर्थन दिया। सभा को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने लोगो से इंडिया गठबंधन उम्मीदवार अजीत शर्मा को जिताने की अपील की।मंच पर विधायक नाथनगर मु० अशरली सिद्दीकी, पूर्व जिला अध्यक्ष राजद तिरुपति नाथ यादव, पूर्व कार्यकारी कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री विपिन बिहारी यादव, प्रवीण कुमार राणा, बसुकी नाथ यादव, रणधीर यादव माले, विजय पंडित सीपीएम, बालेश्वर गुप्ता, संजीत सुमन, छोटे लाल यादव हरिमोहन मंडल सीपीआई, नागेश्वर यादव, संजीव कुमार उर्फ लालू, राहुल यादव, अरविंद कुमार मंडल, रंजीत साह, मु० उस्मान नूरहसन फरीदी, फखरुद्दीन,राजद, पूजा पाण्डेय, रानी देवीपूर्व प्रमुख, शारदा सिंह जिला अध्यक्ष भीआईपी, अनीता देवी, मुश्ताक अली, अबुल हसन संजय महलदार, गंगा प्रसाद निषाद भीआईपी, अर्जुन ठाकुर, मु० मकबूल, मोहम्मद निसार प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस, नागेंद्र मंडल, मनोज झा, दशरथ पासवान, मोहम्मद शफी आलम, प्रदीप राय, अर्जुन ठाकुर, मोहम्मद फखरुद्दीन, मोहम्मद जानिसार, राजेंद्र कुमार, चांद अली, प्रीतम कुमार, प्रणव कुमार उर्फ छोटू, नूर हसन, फरीद, आदि ने संबोधन किया अंत मे राजद के अध्यक्ष श्री भरत भूषण यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

ट्रक और टैंकर में हुई जोरदार टक्कर, हादसे में एक की गई जान

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर । भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड के झंडापुर थानान्तर्गत एन एच 31 के राज्यमार्ग पर मंगलवार को अलहे सुबह लगभग 4:00 बजे बंटी सिंह पेट्रोल पंप से दो सो मिटर पर नवगछिया कि ओर से आ रही ट्रक व टैंकर में जबरदस्त भिड़ंत हो गई।जिसमें टैंकर के खलासी की मौत घटनास्थल पर हो गई।वहीं चालक भी गंभीर हालत में बताया जा रहा है। जिसको 112 गाड़ी के द्वारा बिहपुर सीएएचसी लाया गया।डाक्टर ने टैंकर चालक को प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए भागलपुर मायागंज रेफर कर दिया है।टैंकर के मृतक खलासी मोनू खान (22) की पहचान बेगूसराय जिले के देवना गांव निवासी के रुप में हुआ व घायल टेंकर चालक की पहचान देवना गांव निवासी मोहम्मद अनवर के रूप में हुई है।झंडापुर पुलिस द्वारा दोनों के परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दिया।झंडापुर पुलिस ने खलासी के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को उनके स्वजनों को सौंप दिया।मिली जानकारी के अनुसार टाईल्स लदा ट्रक राजस्थान से भागलपुर जा रही थी।वहीं तेल टेंकर किशनगंज से बरौनी की ओर जा रही थी।मंगलवार की सुबह लगभग चार बजे एनएच 31पर दोनों में आमने सामने की टक्कर हो गई।जिसमें ट्रक सड़क किनारे ही पलट गया।इधर झंडापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि खलासी मो.मोनू खां का शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।परिजनों के द्वारा किसी प्रकार का लिखीत आवेदन नहीं मिला हैं । आवेदन मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में इंटर स्तरीय उच्च विद्यालय सिमानपुर के स्काउट और गाइड के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान निकाला। जिसमें प्रधानाध्यापक मनीष कुमार, स्काउट जिला प्रशिक्षक मुकेश आजाद के निर्देशन में मतदाता शपथ मतदाता रैली एवं घर-घर जाकर मतदाता को जागरूक करने का काम किया गया। दिव्यांग शिक्षक नुनेश्वर कुमार, वरिष्ठ शिक्षक मुनेश्वर कुमार स्काउट शिक्षक नीलेश निश्चल गाइड शिक्षिका बुलबुल कुमारी विनोद कुमार,काजल, अनीता ,नेहा कनौजिया, व्यास यादव, कुमार सौरभ, सुमन, शारदा भारती रंजन, अनंत लाल शिवम ,सुमन कुमारी आदि शिक्षकों ने भी अधिक से अधिक 26 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान देने की अपील की। स्काउट गाइड के छात्रों ने बैनर तख्ती और स्लोगन द्वारा मतदाता जन जागरूकता अभियान को तेजी किया।

अंतर राज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा करके दो व्यक्ति को गिरफ्तार करके न्यायिक में जेल भेजा

लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा राजमहल पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए सरगना अर्जुन सिंह उर्फ देवा सिंह सहित 2 युवकों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने थाना क्षेत्र के मंगलहाट में चोरी की बाइक बिक्री करने पहुंचे अर्जुन सिंह को दबोच लिया. उसके पास बाइक का कोई कागजात नहीं था. यह जानकारी एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने सोमवार को प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि सरगना अर्जुन सिंह झारखंड व बिहार में बाइक चोरी का गिरोह चलाता था. उसकी निशानदेही पर गोड्डा जिले के कसवा दुधिचक से गिरोह के सदस्य शेख अंसारी को से गिरफ्तार किया गया. उसके पास से चोरी का 2 मोबाइल व 14 हजार रुपए नकद बरामद किया गया. थाना प्रभारी गुलाम सरवर के बयान पर दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया. एसडीपीओ ने बताया कि अर्जुन सिंह उर्फ देवा के खिलाफ उसके खिलाफ साहिबगंज नगर थाना, गोड्डा जिले के महागामा व मेहरमा थाना और बिहार के भागलपुर जिले के कहलगांव थाना में कई मामले दर्ज हैं. छापेमारी दल में थाना प्रभारी गुलाम सरवर के अलावा तालझारी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार सुधांशु, राजमहल के सब इंस्पेक्टर बिट्टू कुमार साहा, एएसआई अरविंद्र कुमार दास शामिल थे।

राजमहल लोकसभा प्रत्याशी ताला मरडी पतना प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का संघन दौरा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया

लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा। आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा के राजमहल लोकसभा प्रत्याशी ताला मरांडी जी के द्वारा बरहेट विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत पतना प्रखंड के पंचायत कटहलबाड़ी, बड़ा दिघ्घी, मोदीकोला, केंदुआ, शिवापहाड़ के विभिन्न ग्रामों का सघन दौरा एवं जनसंपर्क अभियान चलाया गया। आम जनता ने ताला मरांडी को राजमहल लोकसभा क्षेत्र से भारी मतों से विजय बनाकर संसद में भेजने का भरोसा दिलाया। मौके पर बरहेट विधानसभा संयोजक रेणुका मुर्मू, बरहेट विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी सिमोन मालतो, एस टी मोर्चा जिला अध्यक्ष सलखु सोरेन, एस टी मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मनोज सोरेन, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष पंकज ठाकुर, जिला परिषद् सदस्य मदन हांसदा, मुखिया चौकीदार हांसदा, मिथुन पंडित, रोहित रजक, अजीत साहा साथ ही अन्य भाजपा कार्यकर्ता बंधु शामिल थे।

बॉलीवुड स्टार नेहा शर्मा ने महागठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा के लिए किया प्रचार

लोकतंत्र की आवाज

बिहपुर । मंगलवार को भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत। इंडिया महागठबंधन प्रत्याशी अजीत शर्मा के पक्ष में बॉलीवुड अभिनेत्री एवं उनकी पुत्री नेहा शर्मा भी मैदान में उतरी। सोनबर्षा दुमुही चौक से रोड शो मैं नेहा शर्मा के साथ उनके पिता सह महागठबंधन के प्रत्याशी अजीत शर्मा खुली जीप पर रोड शो किया।रोड शो में भाड़ी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता भी शामिल थें ।जो रोड शो में पैदल चल रहे थे ।रोड शो बिहपुर के सोनबर्षा से दुमूही चौक होते हुए बभनगामा ,अमरपुर, गौरीपुर लत्तीपुर होते हुए खरीक सहित तेतरी दुर्गा मंदिर पूजा अर्चना किया। अपने पिता सह महागठबंधन के उम्मीदवार अजीत शर्मा के पक्ष में मंगलवार की शाम लगभग 5 बजे अभिनेत्री नेहा शर्मा रोड शो किया ।नेहा शर्मा रोड शो को लेकर प्रशासन के तौर पर बिहपुर सर्किल इंस्पेक्टर आलोक कुमार,थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, झंडापुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था का पुत्ता व्यवस्था किया गया था। नेहा शर्मा के रोड शो के दौरान कई गांव में महिला एवं पुरुषों द्वारा मोबाइल में वीडियो भी बनाया जा रहा था।वहीं नेहा शर्मा सभी का अभिनंदन कर रही थी।

बरहरवा : रेलवे पुल 256 और दिलालपुर से फिर से प्रारंभ हुआ अवैध परिवहन का सिलसिला

लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा प्रखंड के अंतर्गत थाना क्षेत्र के विजयपुर रेल पुल 256 का कहानी एक बार फिर से प्रारंभ हो गई बताते चले कि इस चेखनाका में एक भी गाड़ी नहीं चलता चेक नाका कर्मचारी दिनभर बैठने पर एक भी गाड़ी चेक नाका तक नहीं पहुंचता चेक नाका से 100 मीटर पीछे आम के बागान द्वारा होती हुई प्रतिदिन सैकड़ों टोलीयो बिना माइनिंग चालान के रेल पुल 256 रेलवे ब्रिज होती हुई बंगाल जाती है पत्थर माफिया की तो चांदी ही है प्रत्येक दिन सैकड़ो टोलीयो पार करने पर हजारों के कमाई की जाती है रात के अंधेरे से दिन के उजाले तक इस कार्य को सरेआम अंजाम देते हैं तो दूसरी और पत्थर माफिया द्वारा रेलवे ब्रिज पास करने के लिए प्रत्येक टोली से 150 रुपया का चार्ज लिया जाता है जबकि रेलवे प्रशासन द्वारा इस पुल के नीचे भारी वहआनओ की आवाज पूरी तरह से बंद करने का निर्देश दिया है फिर भी पत्थर माफिया निडर होकर खुलेआम रेलवे कानून की धज्जियां उड़ते हुए दिख रहे हैं।

देश को मजबूत और शशक्त बनाने हेतु एनडीए को जिताएं: डॉ प्रेम कुमार

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय
भागलपुर। भागलपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अर्जित शाश्वत चौबे न बताया कि मंगलवार को बिहार सरकार के सहकारिता एवम वन ,पर्यावरण मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने भागलपुर लोकसभा अंतर्गत वार्ड नंबर 2,3,17,18,19 चंपानगर,नरगा, महाशय ड्योढ़ी, गोलाघाट आदि में लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी अजय कुमार मंडल को भारी से भारी मतों से विजय कराने का और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करने के लिए जनसंपर्क व बैठक कर अपील किया।इस दौरान उन्होंने चंपानगर स्थित बिशहरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना कर बिहार वासियों के सुख समृद्धि हेतु मंगल कामना की इस दौरान मंत्री प्रेम कुमार ने कहा डबल इंजन की सरकार में बिहार का सर्वांगीण विकास हुआ है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बिहार के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहे। मोदी की गारंटी विकसित भारत की गारंटी है। आज केंद्रीय योजना घर घर पहुंचा रहा है। भागलपुर में एनडीए रिकॉर्ड मतों से विजयी होगी। बिहार के सभी 40 सीटों पर जीत के साथ देश में एनडीए को 400 सीट मिलेगी।

संक्षिप्त खबरें I

दो पक्षों में मारपीट, युवक की पीट–पीटकर हत्या : मोतिहारी में आरोपी घर छोड़कर फरार, जांच में जुटी पुलिस

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत मोतिहारी। आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ा की एक युवक की पीट–पीटकर हत्या कर दी गई। घटना पिपरा थाना क्षेत्र के खैरीमल गांव के वार्ड नंबर छह की है। जहां मृतक कि पहचान खैरीमाल गांव के 30 वर्षीय मैनेजर मांझी के रूप में हुई है।घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि किसी बात को लेकर मैनेजर मांझी और अखिलेश मांझी के बीच विवाद हो गया। बात इतना बढ़ गया की दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गया, इसी बीच मैनेजर मांझी पर एक साथ अखिलेश मांझी, नागिया देवी, छठिया, धनवंती सहित अन्य ने मिल कर हमला कर दिया।जिसमें मैनेजर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिसके बाद सभी आरोपी घर छोर कर फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मैनेजर की पूर्व में दो शादी हुई थी। लेकिन दोनों पत्नी शादी के कुछ दिन बाद ही उसे छोर कर चली गई थी।आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाईपिपरा थाना की प्रभारी थानाध्यक्ष सीता ने बताया कि सूचना मिली कि आपसी विवाद में एक युवक की मौत हो गई है। सूचना मिलने के साथ ही घटना स्थल पर पहुंची कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया, परिजन के तरफ से कोई आवेदन नहीं दिया गया है। मिलने के साथ ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

केसरिया: फर्जी प्रमाण पत्र पर नौकरी करने के मामले में शिक्षका समेत 5 पर केस दर्ज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी। केसरिया में फर्जी प्रमाण पत्र पर कई वर्षों से नौकरी करने वाली एक शिक्षिका सहित नियोजन इकाई से संबंधित लोगों के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य दफाओं में प्राथमिकी दर्ज हुई है। उक्त प्राथमिकी मुजफ्फरपुर प्रक्षेत्र के वरीय पुलिस उपाधीक्षक कन्हैयालाल के आवेदन पर दर्ज की गई है। जिसमें आरोपी शिक्षिका शमां प्रवीण 2023 के तत्कालीन बीडीओ अमीत कुमार, तत्कालीन बीईओ बिंदा महतो, केसरिया के प्रखंड प्रमुख आलिया प्रवीण व शिक्षा समिति सदस्य सह पंचायत समिति सदस्य हरिकिशोर प्रसाद को आरोपित किया गया है। दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि 2008 में शिक्षक नियोजन में बथना की शमां प्रवीण का नियोजन प्राथमिक विद्यालय गाछी टोला में किया गया। इस मामले की परिवादी बथना की सुबी ख़ानम, नियोजन इकाई में उपस्थित थीं। लेकिन नियोजन इकाई द्वारा सुबी ख़ानम का आयोजन नहीं करके शमां प्रवीण का नियोजन कर दिया गया। जिसके विरुद्ध परिवादी ने अपील दायर की। जिसके बाद जांच में पाया गया कि शिक्षिका शमां प्रवीण का अंक पत्र फर्जी है। एवं उक्त शिक्षिका अप्रशिक्षित है। साथ ही नियोजन के समय दिए गए प्रमाण पत्र में जन्म तिथि 1987 अंकित है, वही वर्ष 2005 में भी उक्त शिक्षिका की नियुक्ति मध्य विद्यालय उर्दू बथना में की गई थी। जिसमें जन्म तिथि 1983 है। आरोप है कि अप्रशिक्षित शिक्षिका शमां प्रवीण को वर्ष 2023 में शिक्षक के पद पर पुनः नियोजन के समय प्रखंड नियोजन इकाई के मिलीभगत से नियोजन कर दिया गया है ।

मोतिहारी पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी, 8 बदमाश को किया गिरफ्तार,

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी/अरेराज। मलाही पुलिस ने बड़ी अपराधिक घटना होने से बचाया। घटना के पहले ही छापेमारी कर हथियार के साथ आठ बदमाशों को धर दबोचा है। मलाही के रामसिरिसिया के समीप बगीचा में बाइक से इकट्ठा हुए थे आठ बदमाश। पकड़े गए बदमाशों के पास से एक बड़ी बंदूक, एक देशी पिस्टल, चार कारतूस, दो खुखरी, बड़ी चाकू बरामद हुआ है। पकड़े जाने वाले में चटिया के हीरा साह का पुत्र संतोष, टुनटुन साह का पुत्र मिथुन, रामेश्वर का पुत्र दीपक, पन्नालाल यादव का पुत्र उमेश, चिंतामनपुर के अमेरिका सहनी का पुत्र रविंद्र, संग्रामपुर मठिया के देवलाल महतो का पुत्र बुलेट शामिल हैं। वही अरेराज डीएसपी रंजन कुमार ने कहा कि, मामला दर्ज कर पकड़े गए सभी अपराधियों को जेल भेज दिया गया है।

न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हेतु मतदान केन्द्रों का पुनः भौतिक सत्यापन करें : जिला निर्वाचन पदाधिकारी

जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी एवं समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी

लोकतंत्र की आवाज

बेतिया से ब्यूरो नीरज मिश्रा
जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में निर्वाचन की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न।मतदान केंद्र, डिस्पैच सेन्टर, मतगणना केन्द्र, रिसिविंग सेन्टर पर सभी व्यवस्थाएं ससमय सुनिश्चित कराने का निर्देश। पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी एवं समीक्षा हेतु महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी। इस बैठक में सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी/नोडल पदाधिकारी, सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी सम्मिलित हुए।

बैठक में डिस्पैच सेन्टर, पोलिंग स्टेशन, भेद्यता मानचित्रण, मतदाता सूची विखंडिकरण, रैंडमाईजेशन, पोस्टल बैलेट्स, ईवीएम स्ट्रॉग रूम आदि कार्यों की विस्तृत समीक्षा जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा की गयी तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। डिस्पैच सेन्टर आदि की तैयारी की समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, बेतिया को निर्देश दिया कि गुणवत्तापूर्ण तरीके से कार्य करते हुए

डिस्पैच सेन्टर, मतगणना केन्द्र, रिसिविंग सेन्टर के कार्यों को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। मतगणना केन्द्रों में बैरिकेडिंग, ड्रॉप गेट सहित अन्य व्यवस्थाएं ससमय करायेंगे। उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल को प्रथम रैंडमाइजेशन के पश्चात ईवीएम को डिस्पैच सेंटर अवस्थित स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा, उसके पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाए। सभी व्यवस्थाएं समय पर अपडेट करा लेंगे। कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को निर्देश दिया गया कि सभी टीम को कार्य पर लगाते हुए तीव्र गति से मतदान केन्द्र, डिस्पैच सेन्टर, मतगणना केन्द्र आदि जगहों पर पेयजल आदि की व्यवस्था समय पर कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देश दिया गया कि मतगणना केन्द्रों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे।

जिलानिर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी क्षेत्रान्तर्गत सभी मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित हो लेंगे कि मतदान कर्मियों के लिए फर्निचर की समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार इमरजेंसी लाईट, रसोईयां की भी व्यवस्था सुनिश्चित कर लेंगे।उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों के साथ नियमित रूप से बैठक करेंगे और निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देश के अनुरूप निर्वाचन कार्यों को तीव्र गति से निष्पादित कराना सुनिश्चित करेंगे। प्रखंड को पंचायत वाइज बांटकर नियमित रूप से निर्वाचन कार्यों को अनुश्रवण करेंगे। मतदाता पर्ची, ईपिक का वितरण समय पर करा लेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंडस्तर पर वाहनों की पर्याप्त उपलब्धता होनी चाहिए। प्रखंडस्तर पर वाहनों को रिजर्व में भी रखा जाय ताकि आवश्यकानुसार उपयोग किया जा सके। वाहनों का अधिग्रहण, ईधन आपूर्ति, लॉगबुक संधारण, भुगतान आदि की व्यवस्था निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सुनिश्चित की जाय। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी अपने क्षेत्र में छोटे वाहनों का सर्वे करा लें और अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारियों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में मतदान बाधित नहीं होना चाहिए, इस हेतु सभी तैयारियां अपडेट रखेंगे। पर्दानशीं महिलाओं की जांच हेतु सेविकाओं की प्रतिनियुक्ति, मतदाताओं को पंक्तिबद्ध करने के लिए होमगार्ड की प्रतिनियुक्ति सहित अन्य कार्य समय पर कराना सुनिश्चित करेंगे।उन्होंने निर्देश दिया कि चिन्हित मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की जानी है। संबंधित वेंडर वेबकास्टिंग के सफल संचालन के लिए दक्ष कर्मियों की व्यवस्था करेंगे। ऐसे कर्मियों को अच्छे तरीके से प्रशिक्षित कराया जाय। इनके पास 04 घंटे का बैकअप भी होना जरूरी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विभाग को निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्रों तक जाने वाले क्षतिग्रस्त सड़कों को तुरंत मोटरेबल कराना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा बैठक उपस्थित पीआरएस, पीटीए, टीए, जेई मनरेगा को निर्देश दिया गया कि निर्वाचन के सफल संचालन में सभी की सहभागिता आवश्यक है। निर्वाचन कार्य अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। वाहनों का अधिग्रहण करेंगे। समीक्षा के क्रम में एसीएमओ द्वारा बताया गया कि मतदान कर्मियों को दिये जाने वाले सामग्रियों में एक मेडिकल कीट को भी रखा जायेगा जिसमें 14 प्रकार की दवाओं का संग्रह होगा। इसके साथ ही डिस्पैच सेन्टर पर एंबुलेंस सहित मेडिकल टीम रहेगी। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर आशा कर्मी ओआरएस पैकेट सहित अन्य आवश्यक दवाईयों के साथ उपलब्ध रहेंगी। सभी सहायक निर्वाची पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप का गठन कर लिया गया है और यह पूरी तरह क्रियाशील होकर कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता–सह–जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया, शंभु कुमार, एसडीएम, बेतिया, विनोद कुमार, एसडीएम, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह, एसडीएम, नरकटियागंज, सूर्य प्रकाश गुप्ता, वरीय उप समाहर्ता, विपिन कुमार यादव, एस0 प्रतीक, श्रीमती बेबी कुमारी, श्रीमती रोचना माद्री, कमलाकांत त्रिवेदी, जिला परिवहन पदाधिकारी, ललन प्रसाद, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लालबहादुर राय, अवर निर्वाचन पदाधिकारी, यशलोक रंजन, निदेशक, डीआरडीए, अरूण प्रकाश, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

मोतिहारी: पत्रकार मंसूर से मिलने तुरकौलिया पहुंचे जाने माने चिकित्सक डा0 तबरेज, देढ़ माह से बीमार थे,स्वास्थ्य की ली जानकारी

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी छतौनी स्थित मठिया जिरात मस्जिद शेहरा हास्पिटल के डा0 एमडी तबरेज खान (न्यूरो फिजिशियन) रविवार को कांग्रेसी नेता अनवर आलम अंसारी के आवास तुरकौलिया के सेमरा टोला पहुंचे थे। इनके साथ डा0 ज़फ़र आलम भी मौजूद थे। जहां डा0 तबरेज खान ने पत्रकार मंसूर अहमद से मुलाकात कर उनका हाल–चाल जाना। साथ ही स्वास्थ्य में तेजी से सुधार होने को लेकर काफी खुश भी दिखे। पत्रकार मंसूर अहमद का पिछले 5 मार्च से डा0 तबरेज का इलाज चल रहा है। वह काफी गंभीर स्थिति में थे। जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे थे। लेकिनअब धीरे–धीरे सेहतमंद हो रहे हैं। डा0 खान का नाम सुनकर दर्जनों पुराने मरीज भी उनसे मिलने आए थे। साथ ही नए मरीज भी पहुंचे थे। सभी इलाज से संतुष्ट नजर आ रहे थे और काफी खुश भी थे। इस मौके पर वरीय कांग्रेस नेता सह पूर्व विधायक प्रत्याशी अनवर आलम अंसारी, पत्रकार सह उपप्रमुख पुत्र आफताब आलम, पूर्व पंचायत समिति सदस्य शंभू प्रसाद, राकेश पाण्डेय,उप मुखिया मुजफ्फर आलम अंसारी,उपसरपंच रामलखन साह, मनार होदा क्रिएटिव स्कूल के प्रिंसिपल मौलाना सरमद कासमी, मास्टर शमसुल होदा, परवेज अहमद, मुन्ना कंबल वाला, सुबहान अहमद आदि मौजूद थे।

स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. सुनील कुमार झा, अपर निदेशक श्रीषी कांत पांडेय व सीएस डॉ. श्री कांत दूबे,डॉ. आलोक कुमार पांडेय अनुमंडलीय अस्पताल का किया जांच

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से शमसाद अंसारी
बगहा। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. सुनील कुमार झा, अपर निदेशक श्रीषी कांत पांडेय व सीएस डॉ. श्री कांत दूबे , डॉ. आलोक कुमार पांडेय आदि के अनुमंडलीय अस्पताल का किया बिंदुवार जांच। इस जांच के क्रम में आपातकाल दवा भंडार, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, चिकित्सक कक्ष, उपकरण कक्ष, जीएनएम कक्ष, माईनर ओटी, ड्रेसिंग कक्ष महिला कक्ष समेत शौचालय, साफ – सफाई की बिंदुवार जांच किया। इस दौरान कार्यरत चिकित्सक,जीएनएम, कर्मी, सफाई कर्मी, प्रबंधक, लेखापाल, समेत सभी कर्मी की उपस्थिति का जांच किया। जांच के क्रम में अस्पताल में इलाजरत

मरीजों से भी विभाग द्वारा दिए जाने वाले सविधा, दवा, संसाधन की बिंदुवार पड़ताल की। इस दौरान मरीज ने बताया कि टैटनेस का इंजेक्शन नहीं मिल रहा है। इस सबंध में डीएस, डॉ. के बीएन.सिंह व सीएस से पूछताछ किया। वहीं श्री सिंह ने बताया कि यहां से इंडेंट गया है। जिला से ही आपूर्ति नहीं है। श्री झा ने आपूर्ति विभाग के अधिकारी मीष कुमार से बात किया। डीएस को बल जिला से इंजेक्शन मंगाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही दो साल से बंद अल्टासाउंड के बारे में पूछ ताछ किया। कार्यरत महिला चिकित्सक डॉ. आकृति को बुलाया और पूछ ताछ करते हुए अल्ट्रासाउंड कैसे जांच करना है, बताया। इसके साथ ही सीएस व डीएस को पूर्व में डॉ. रिजवाना खुर्शीद के निबंधन को बदलते हुए महिला चिकित्सक के द्वारा अल्टासाउंड जांच आरंभ करने का निर्देश दिया। अस्पताल की जमीन के अतिक्रमण मामले में चुनाव बाद डीएम के स्तर से कार्रवाई करने की बात कही। दोनों अधिकारियों ने संतुष्ठी जताया। जांच के दौरान प्रबंधक अमरेश कुमार, रमेश रंजन, शशि कुमार आदि सभी मौजूद थे।

मोतिहारी : बूथों पर मतदाताओं को उपलब्ध कराई जाएगी सभी जरूरी सुविधाएं: डीएम सौरभ जोरवाल

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी । पूर्वी चंपारण जिला में लोकसभा के लिए मतदान छठे चरण में 25 मई को होना निर्धारित है। पिछली बार के लोकसभा चुनाव में जिला में 60% से अधिक मतदान हुआ था। इस बार जिला प्रशासन के द्वारा 70% मतदान का लक्ष्य रखा गया है । इसको लेकर लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण,सौरभ जोरवाल के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिला के सभी 27 प्रखंडों के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के साथ बैठक कर मतदान के दिन मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र पर सभी जरूरी सुविधा

उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी,रैंप, शौचालय, शेड जैसी न्यूनतम सुविधा का होना अनिवार्य बनाया गया है। इसको लेकर सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों को जरूरी निर्देश दिया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों के द्वार बताया गया कि जिन विद्यालयों में मतदान केंद्र बनाया गया है वहां लगभग 90% विद्यालयों में बिजली का कनेक्शन है। जहा पर बिजली कनेक्शन नहीं है वहां तुरंत कनेक्शन कराया जाएगा।डीएम के द्वारा सभी मतदान केंद्र पर मोबाइल चार्ज करने के लिए स्विच बोर्ड लगाने का भी निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी को देखते हुए सभी मतदान केंद्रों पर छाया की वैकल्पिक व्यवस्था कराई जाएगी ताकि मतदाताओं को धूप में खड़ा नहीं होना पड़े। सभी मतदान केंद्रों पर चापाकल के अतिरिक्त ठंडा पेयजल के लिए घड़ा के पानी की भी व्यवस्था कराई जाएगी। इस बैठक में जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल के साथ उपविकास आयुक्त समीर सौरभ, नगर आयुक्त सुमन सौरभ यादव, उप निर्वाचन पदाधिकारी सरफराज नवाज, श्रम अधीक्षक सत्य प्रकाश, शिक्षा विभाग के डीपीओ स्थापना सहित सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी उपस्थित थे।

बेतिया लोकसभा से होगा त्रिकोणीय मुकाबला

लोकतंत्र की आवाज

क्षितिज राज
बेतिया । लोकसभा सीट से इस बार त्रिकोणीय मुकाबला होने की पूरी संभावना है जहां एनडीए गठबंधन से भाजपा के प्रत्याशी के रूप में वर्तमान सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल चुनावी मैदान में है वहीं महागठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी के रूप में पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी नजर आ रहे हैं वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चर्चित यूट्यूबर पत्रकार मनीष कश्यप चुनावी मैदान में पूरी तरह उतरने को तैयार एक और देखा जाए तो जहां वर्तमान सांसद से आम जनता उनके कार्यों से पूरी तरह असंतोष है आम जनता मुकेश माझी, सुरेश प्रसाद, रमेश बरनवाल, मोहन राम, विनोद कुमार आदि का कहना है कि वर्तमान सांसद सिर्फ पार्टी और नरेंद्र मोदी के नाम पर चुनाव जितते आ रहें हैं जबकि उनकी कोई अपनी पकड़

आम जनता पर नहीं है सिर्फ चुनाव के समय ही जनता के बीच नजर आते हैं तो एक तरफ पूर्व विधायक एवं कांग्रेस प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी एक मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते हैं एवं जनता के बीच इनकी जमीनी पकड़ काफी हद तक मानी जाती है वहीं युवाओं के दिल पर अपनी पकड़ रखने वाली मनीष कश्यप जहां बेतिया लोकसभा के विभिन्न गांव का दौरा कर जिस प्रकार सभाये कर रहे हैं और उनको सुनने देखने के लिए लोगों की जो भीड़ उमड़ रही है उसे भी कम आका नहीं जा सकता है इतना तो तय है कि इस बार बेतिया लोकसभा में त्रिकोणीय मुकाबला होने से चुनाव में कहां नहीं जा सकता है आखिरकार ऊंट किस करवट बैठेगा वैसे देखा जाए तो इस चुनाव में जातीय समीकरण भी बहुत मायने रखता है जहां कुछ जातियों में राजनीतिक पार्टियों द्वारा इस बार प्रत्याशी नहीं बनाए जाने को लेकर भीतर ही भीतर नाराजगी भी चल रहा है उसका खामीयाजा वैसे दलों को भुगूतना पड सकता है और जो राजनीतिक दल ऐसे जातियों को टिकट बंटवारे में प्रधानता दी है उन्हें इसका लाभ भी मिलने की संभावना है खैर अब देखना है कि इस चुनाव में क्या मोदी मैजिक काम करता है या तेजस्वी का जादू या कहे तो मनीष कश्यप का अंदाज जो अभी अतीत के गर्भ में है।

मोतिहारी: जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता के साथ मनाया गया परिवार नियोजन दिवस

लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो रिपोर्ट मोतिहारी शशिकांत
मोतिहारी । जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जागरूकता के साथ परिवार नियोजन दिवस मनाया गया। इस दौरान जिले के अनुमंडलीय अस्पताल ढाका, पकड़ीदयाल, बंजरिया, सुगौली, अरेराज प्रखंड में परिवार नियोजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अस्पताल में आई महिला लाभार्थियों को बढ़ती जनसंख्या के रोकथाम के उपाय बताते हुए अस्थाई संसाधन का वितरण किया गया। साथ ही प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण एवं परिवार नियोजन के अस्थाई साधन वितरण किए गए। जिले के डीसीएम नंदन झा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या पर रोक हेतु परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाना बेहद जरूरी है जो जागरुकता से ही सम्भव है।उन्होंने बताया की गर्भनिरोधक साधन के इस्तेमाल में नवविवाहितों और युवाओं को समझ के साथ स्थायी व अ स्थायी साधनों को अपनाना होगा।आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी, व स्वास्थ्य कर्मी निभा रहें है अहम भूमिका।पीएसआई के डीसी अमित कुमार ने कहा की जिले में समय– समय पर मिशन परिवार विकास अभियान आशा, आंगनबाड़ी सेविका, व स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से दंपती संपर्क पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि आशा अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को सही उम्र में शादी एवं 2 साल के बाद पहला बच्चा, दो बच्चों में कम से कम 3 साल का अंतराल एवं प्रसव के बाद या गर्भपात के बाद

परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों पर जोर दें, सभी स्वास्थ्य कर्मी अपने–अपने क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम के संबंध में प्रचारित करने एवं इच्छुक लाभार्थियों को कॉपर टी, गर्भनिरोधक सुई एमपीए (अंतर) एवं गर्भनिरोधक गोली, कंडोम की सेवा उपलब्ध कराने तथा महिला बंध्याकरण पुरुष नसबंदी हेतु उत्प्रेरित कर संबंधित सरकारी स्वास्थ्य संस्थान पर लाए, बढ़ती जनसंख्या के नियंत्रण के लिए यह आवश्यक है।

बेतिया : जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

बेतिया से ब्यूरो नीरज मिश्रा
मतदान केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएँ मानक के अनुरूप ससमय कराने का निर्देश। पदाधिकारी–सह–जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने आज बगहा अनुमंडल अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों हेतु विकसित की जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया। भ्रमण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी राजकीय प्राथमिक विद्यालय,मलपुरवा में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 111, 112, 113, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, उर्दू, रत्नमाला में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 107, 109, रामनरेश राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बुधवारिया में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 84, 85,

राजकीय प्राथमिक विद्यालय, गौरैयापट्टी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 93, 94,95, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, वाणी पट्टी में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 96, 97, राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बबुई टोला में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 82, 83 पहुँचे और लोक सभा आम निर्वाचन के मद्देनजर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए। उन्होंने निर्देश दिया कि दिव्यांग मतदाताओं हेतु बनाये गए रैम्प का निर्माण मानक के अनुरूप कराया जाय, ताकि दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओ को कोई असुविधा नहीं हो। साथ ही मतदान केन्द्रों पर वेटिंग रूम, आवश्यकतानुसार शेड, बेंच, कुर्सी, शौचालय, पंखा, पेयजल, बिजली, व्हील चेयर सहित वेबकास्टिंग के लिए अतिरिक्त सॉकेट, यदि मतदान केंद्र में दो द्वार हो तो एक पर प्रवेश और दूसरे पर निकास का लेखन, बूथ का दीवार लेखन आदि कार्य समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ को निर्देश दिया कि समय पर मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त होते ही समय पर उसका वितरण करा देंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रॉस वेरिफिकेशन कराएंगे। उन्होंने सेक्टर पदाधिकारियों को मतदाताओ से फीडबैक लेने का निर्देश दिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने विद्यालय प्रभारी को रसोईओ को निर्देशित करने का निर्देश दिया ताकि मतदान दिवस को भुगतान के आधार पर मतदान कर्मियों को भोजन उपलब्ध कराया जा सके। राजकीय प्राथमिक विद्यालय, रत्नमाला उर्दू मतदान केंद्र निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि खुले नाली को ढकवाने की व्यवस्था की जाय। साथ ही मतदाताओं के आने–जाने के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाय। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि वृद्ध (85+) मतदाताओ के लिए ट्रांसपोर्टेशन की व्यवस्था की जाएगी। होम वोटिंग की भी व्यवस्था होगी। दो बार बीएलओ वृद्ध (85+) मतदाताओं के यहां जाएंगे, नहीं मिलेंगे तो वोट नहीं दे पाएंगे। होम वोटिंग के लिए रुट चार्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि 85+ के मतदाताओं को उनके घर पर ही मत का प्रयोग करने की सुविधा दी जा सके।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि लोक सभा आम निर्वाचन के दौरान 25 मई को अधिक से अधिक लोग अपने मत का प्रयोग कर सकें इसके लिए मतदाताओ को जागरूक करने की आवश्यकता है। इसलिए सभी सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, बी एल ओ, अपने क्षेत्र का लगातार भ्रमण करेंगे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बगहा, सुशांत कुमार सरोज, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह सहित बीडीओ, सीओ, बीईओ, बगहा–01 एवं 02 उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें ।

समस्तीपुर लोकसभा (सु.) सीट से इण्डिया गठबंधन के कॉग्रेस प्रत्याशी सन्नी हजारी ने किया नामांकन दाखिल

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। समस्तीपुर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से इण्डिया गठबंधन के कॉग्रेस प्रत्याशी सन्नी हजारी ने मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया । मौके पर जिला राजद अध्यक्ष रोमा भारती, रामचन्द्र महतों, अबू तमीम आदि मौजूद थे । मालूम हो कि समस्तीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट पर इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी को लेकर पिछले काफी दिनों से तरह तरह की चर्चा का बाजार गर्म था, जिस पर सोमवार को देर शाम सन्नी हजारी के कॉग्रेस प्रत्याशी के रुप में नाम की घोषणा होते ही विभिन्न तरह के हो रहे चर्चाओं पर विराम लग गया है । समस्तीपुर सुरक्षित लोकसभा सीट पर बिहार सरकार के दो वरिष्ठ मंत्री महेश्वर हजारी के पुत्र सन्नी हजारी एवं अशोक चौधरी के पुत्री शाम्भवी चौधरी के आमने सामने होने से समस्तीपुर का सीट हॉट सीट में गिने जाने लगा है ।

सिरदला- पुलिस ने मारपीट करने के आरोप में दो प्राथमिकी अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय

लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला। सिरदला पुलिस ने क्षेत्र के चपरी गांव में छापेमारी कर मारपीट करने, पेट में चाकू धोपने के आरोप में एक विधि विरुद्ध बालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिकि अभियुक्त की पहचान चपरी गांव निवासी दासों चौधरी के पुत्र बसंत चौधरी तथा विधि विरुद्ध बालक बसंत चौधरी के पुत्र विकास कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 155/24 प्राथमिक की दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला पचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार की अध्यक्षता में महान स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम प्रधानाध्यापक ने कुंवर सिंह जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया तदोपरांत छात्र छात्राओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि बाबू कुंवर सिंह ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों में आदमी ऊर्जा का संचार किया।उन्होंने भारत माता को आजाद कराने हेतु अपनी जान की कुर्बानी दी। मौके पर भजन, गीत गायन, भाषण, चित्रकला प्रदर्शन कर काजल कुमारी, साक्षी कुमारी, कृष्ण कुमार, अमित कुमार, विशाल कुमार, अंकित कुमार, गौरव कुमार, सुनील कुमार, गौतम कुमार, मुकेश राय आदि ने कार्यक्रम को शानदार बनाया।

चैत्र शुल्क पांच पूर्णिमा तिथि श्री हनुमान उत्सव मनाया गया

लोकतंत्र की आवाज

बरहरवा। चैत्र शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा तिथि, श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर मां गंगा सेवा समिति, साहेबगंज, झारखण्ड की ओर से स्थानीय मुक्तेश्वर धाम, सीढ़ी घाट, गंगा तट पर पंडित श्री मदन ओझा जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां गंगा की महाआरती की गई। साथ ही वीर हनुमान जी के मंदिर जाकर उनका विधिवत पूजन कर लड्डू का भोग लगाकर उनसे सर्व कल्याण हेतु उनका आशीर्वाद मांगा। इस पुनीत अवसर पर मां गंगा सेवा समिति, साहेबगंज के प्रमोद कुमार पाण्डेय, शशि कुमार सुमन, अमित कुमार, अमित केशरी, संदीप अवस्थी, रविकांत पाण्डेय, चन्दन कुमार, सिद्धार्थ कुमार, आभाष ओझा, रामदेव राम, रमेश कुमार, सभी सदस्यगण एवं महिला श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

सुविधाविहीन: निर्माण के बाद से सफेद हाथी बना आक्सीजन प्लांट

लोकतंत्र की आवाज

शमसाद अंसारी

बगहा। उत्तर प्रदेश व नेपाल सीमा पर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट निर्माण होने के बाद भी अब तक सुचारू रूप से संचालित नहीं हुआ है जिसके चलते इलाज के लिए आए मरीजों को ऑक्सीजन सिलेंडर से उपलब्ध कराई जा रही ऑक्सीजन है।

ऑक्सीजन प्लांट का निर्यागत संचालन नहीं होता। बताते चलें की अस्पताल प्रबंधन के पास बड़ा आक्सीजन सिलेंडर 45 व छोटा 125 उपलब्ध है। इस अस्पताल में प्रतिदिन सिलेंडर की खपत दस होती है। एक सिलेंडर की रिफिलिंग में करीब दो से ढाई सौ की राशि व्यय होती है। ऑक्सीजन प्लांट बनने के बाद भी यह राशि अस्पताल प्रबंधन को व्यय करने की मजबूरी है।

बताते चलें की यह ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण करोना काल में ऑक्सीजन की किल्लत को देखते हुए सरकार व स्वास्थ्य विभाग ने पहल करते हुए सभी अनुमंडलीय अस्पताल आक्सीजन प्लांट का निर्माण कराया था। इस कड़ी में 2022-23 में अनुमंडलीय अस्पताल बगहा में भी स्वयंसेवी संस्था डॉक्टर फार यू की ओर से करीब 30 लाख रुपये की लागत से कराया गया था। यह प्लांट एक मिनट में 353 लीटर ऑक्सीजन उत्पादन कर सकता है। लेकीन इसके संचालन के लिए विभाग से कोई ऑपरेटर उपलब्ध नहीं कराया जा सका। स्थानीय जीएनएम पंकज कुमार के द्वारा ही इसे ऑपरेट किया जाता है। निर्माण के बाद से ही इस प्लांट को केवल मॉक ड्रिल में प्रयोग किया जाता है। इंजीनियर आते हैं। एक को ठीक करते तो कोई अन्य पार्टस खराब हो जाता है।

मॉक ड्रिल में भी आक्सीजन प्लांट मात्र 87 प्रतिशत ही काम कर रहा है। मानक के अनुसार कम से कम 20 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए। अनुमंडलीय अस्पताल, प्रभारी उपाधीक्षक डा. के बीएन सिंह, ने बताया की अस्पताल में जो उपकरण है, उनके संचालन के लिए तकनीशियन के लिए विभाग को पत्राचार किया गया है। आक्सीजन प्लोट सही काम नहीं करता है। कई बार प्रयास किया जा चुका है। इसको लेकर वरीय अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। फिल्हाल अस्पताल में आक्सीजन सिलेंडर पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं।

एनडीए गठबंधन को समाज के सभी वर्गों का जनसमर्थन है : राजकुमार राय

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर हसनपुर विधानसभा के पूर्व जदयू विधायक राजकुमार राय ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लोक कल्याणकारी कार्यों से प्रभावित होकर बिहार राज्य के युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं गरीबों के द्वारा बढ़ चढ़ कर एनडीए गठबंधन के पक्ष में चुनाव के दिन मतदान किया जाएगा । उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर पूरे देश सहित बिहार राज्य में चुनावी अभियान चल रही है ।

इस बाबत को लेकर पूर्व विधायक राजकुमार राय सह समस्तीपुर जिला जनता दल यूनाइटेड पार्टी के मुख्य प्रवक्ता ने कहा की आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 में पूरे देश सहित बिहार राज्य में एनडीए गठबंधन को समाज के सभी वर्गों का अपार जनसमर्थन मिल रहा है । उन्होंने केंद्र व बिहार की एनडीए सरकार की सबका साथ सबका विकास की नीति को पूरे देश सहित बिहार राज्य के उज्ज्वल भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। पूर्व विधायक ने आमलोगों के द्वारा केंद्र व बिहार सरकार की विकसित भारत व विकसित बिहार अभियान के लिए एनडीए गठबंधन के विजन को अपार जनसमर्थन मिलने की बात कही । उन्होंने एक विकसित भारत एवं विकसित बिहार के निर्माण के लिए एनडीए गठबंधन की समाज के अंतिम पाएदान तक रहनेवाले लोगों तक विकास व लाभुक योजनाओं को पहुंचाने की नीति को बहुत कारगर बताया ।

साथ ही वर्तमान समय में जातीय बंधनों से ऊपर उठकर विकास की बात करने वाली एनडीए गठबंधन की लोक कल्याणकारी नीति के बहुत दूरगामी परिणाम देखने को मिलने की भी बात कही । इसके अलावा खगड़िया लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आनेवाले वाले 140 हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में हसनपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में पूरे हसनपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए चहुंमुखी विकास को अच्छी तरह से समझ रही है । इस चुनाव में आमलोगों को खगड़िया लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के लोजपा (रा) पार्टी के उम्मीदवार राजेश वर्मा के नेतृत्व में पूरे खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य तथा विकास होने का पूरा विश्वास है ।

रउवा सबन से आग्रह बा 25 मई के वोट जरूर करी, जिंगल के माध्यम से जिले में गूंजेगी मतदान का संदेश

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से शमशाद अंसारी

बगहा। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो, साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदाता 25 मई को मतदान करें। इसके लिए जिला स्वीप कोषांग द्वारा व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी श्री दिनेश कुमार राय ने बताया कि लोक सभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें, इसके लिए जिला स्वीप कोषांग के साथ विभिन्न विभागों के द्वारा विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिन पंचायतों, बूथों पर पिछले चुनाव में कम मतदान हुआ था, वहां पर विशेष रूप से अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी मतदाता मतदान के प्रति जागरूक हो, इसके लिए अपि१३२ल्लक्कल्त्री (विज्ञापन जिंगल) के माध्यम मतदान करने की अपील किया जा रहा है। हिंदी और भोजपुरी दोनों भाषाओं में बनाई गई मतदाता जागरूकता जिंगल मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने के लिए संदेश देगी। मतदान जिंगल को बसों, रेलवे स्टेशन, नगर निगम की वाहनों के साथ- साथ सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान के लिए जागरूक हो और 25 मई को मतदान करें।

गौनाहा के गम्हरिया गांव में जमीनी विवाद में हुई मारपीट के बाद देवर ने पीड़िता के घर जलाने का किया प्रयास

लोकतंत्र की आवाज

गौनाहा। थाना क्षेत्र के बेलसंडी पंचायत के गम्हरिया गांव में पूर्व से चल रही जमीनी विवाद को लेकर 20 अप्रैल को हुई मारपीट में मुन्नी देवी पति रेस्मून पंडित ने गौनाहा थाना में आवेदन दिया है। थाना को दिए गए आवेदन एवं पीड़िता के कथन अनुसार उन्हीं के देवर मनोज पंडित पिता स्वर्गीय ठग पंडित द्वारा उन्हें रास्ते में पकड़ कर उनके साथ गली गलौज एवं दुर्व्यवहार करते हुए जान से मारने की कोशिश कर मारपीट कर जख्मी कर दिया और उसके बाद सोने का गहना छीने लिया ।

पीड़िता प्राथमिक उपचार के बाद स्थानीय थाना को आवेदन दी थी। पीड़िता ने आगे बताया कि थाना को दिए गए आवेदन से आग बबूला होकर आरोपी मेरा देवर मनोज पंडित फिर से मेरे साथ गाली-गलौज करने लगा जब मैं कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और अपने घर में चली गई तो घर से कुछ ही दूरी पर आंगनबाड़ी केंद्र के बगल में टाट फुस से बना घर जिसमें मिट्टी का बर्तन अनाज और लकड़ी रखा गया था उसमें आग लगा दिया। पूछे जाने पर पीड़िता ने बताया कि पूर्व से चल रही जमीनी विवाद को लेकर बार-बार मेरे साथ मेरा देवर मारपीट और गाली-गलौज करते हैं। हम लोग गरीब परिवार से हैं पति अक्सर मेहनत मजदूरी करने के लिए बाहर रहते हैं घर पर मैं और मेरे छोटे बच्चे ही हैं जिसके चलते यह मेरे साथ हर वक्त अत्याचार करते हैं।

ईंट लदा ट्रैक्टर का ट्रॉली बीच सड़क पर अनियंत्रित होकर हुआ दुर्घटनाग्रस्त

लोकतंत्र की आवाज

हादसे में बाल-बाल बचा चालक व उपचालक

राजेश कुमार सिन्हा

रजौली। थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर डी के समीप एनएच-20 पर ईंट लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के पीछे लगी ट्रॉली पलट गई। इस सड़क दुर्घटना में ट्रॉली में रहे सारे ईंट सड़क पर बिखर गए। हालांकि ट्रैक्टर चालक एवं अन्य लोग बाल-बाल बचे। वहीं एनएच पर आनेजाने वाले वाहनों को किसी प्रकार का कोई नुकसान नही हुआ।

ट्रैक्टर मालिक ने तुरंत दूसरे ट्रैक्टर को मंगवाकर सड़क पर बिखरी ईंटों को उठवाया। बताते चलें कि जबसे फोरलेन बना है तबसे नवयुवक वाहन चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस के धड़ल्ले से सड़कों पर वाहन को दौड़ाते दिखाई देते हैं।जिसका परिणाम आये दिनों पर सड़क दुर्घटनाओं के रूप में देखा जाता है। इस तरह का मामला टोटो, मोटरसाइकिल, कार एवं ट्रक आदि वाहनों में देखा जा सकता है। हालांकि इस सड़क दुर्घटना की जानकारी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार को नहीं थी।थानाध्यक्ष ने कहा कि सड़क दुर्घटना को लेकर लिखित आवेदन दिए जाने के आलोक में उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उजियारपुर लोकसभा सीट से एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने किया नामांकन दाखिल

लोकतंत्र की आवाज

भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समूचा देश में एनडीए गठबंधन की मोदी लहर चल रहा है

समस्तीपुर। उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। मौके पर बिहार सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी, विनोद चौधरी, सामन्त चौधरी आदि मौजूद थे। एनडीए गठबंधन के भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समूचा देश में एनडीए गठबंधन की मोदी लहर चल रहा है।

इस चुनाव में बिहार के 40 का 40 सीट एनडीए गठबंधन के झोली में आ रहा है । उजियारपुर लोकसभा चुनाव में इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह उजियारपुर विधानसभा के विधायक आलोक कुमार मेहता का सीधा मुकाबला केन्द्रीय गृह राज्यमंत्री सह उजियारपुर लोकसभा के सांसद नित्यानंद राय के बीच होने की सम्भावना है।

भाजपा कार्यकर्ता मनोज सिंह को सदस्य के रूप में मनोनीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष

लोकतंत्र की आवाज

बगहा से ब्यूरो नीरज मिश्रा। भारत सरकार के कृषि मंत्रालय नई दिल्ली के अपर सचिव अजय कुमार सिंह ने एक पत्र जारी करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता समाजसेवी मनोज कुमार सिंह को बिहार राज्य खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले का राज्य स्तरीय सदस्य मनोनीत किया है । जिसकी सूचना बगहा पुलिस अधीक्षक, माननीय मंत्री खाद्य आपूर्ति विभाग ,राज्यसभा सांसद सतीश चन्द्र दुबे के पी ए,और विभाग के आला अधिकारियों को भेजा गया है।

भाजपा कार्यकर्ता श्री सिंह को सदस्य के रूप में मनोनीत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने राज्यसभा सांसद के द्वारा कार्यकर्ता को उचित सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया है।

मनोनयन पर बगहा के विधायक राम सिंह, रामनगर विधायक भागीरथी देवी, जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नाथ तिवारी , विधान पार्षद भीष्म साहनी,पूर्वमंत्री राजेश सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष मधुकर राय ,रविंद्र श्रीवास्तव ,गजेंद्र धर मिश्र, जिला उपाध्यक्ष रितु जायसवाल एच एन दुबे, सिप्पू चौबे ,ओम निधि ६३२ , प्रवीण श्रीवास्तव, विजय साहू , अचिंत्य कुमार लल्ला ,सुजीत चौरसिया ,विकास बारी, महिला नेत्री विजया सिंह, दीपक राही, अमरेश श्रीवास्तव, दीपू तिवारी, मुन्ना सिंह,राकेश चंद्र राव , जदयू नेता राकेश सिंह, दयाशंकर सिंह ,सिद्धार्थ शंकर सिंह ,अनिल यादव, विवेक यादव रोहित चौधरी, संजय पांडे, कृष्ण कसेरा, रणधीर प्रताप सिंह, राहुल सिंह, प्रभात माली, मोहन साहु, धनंजय यादव सहित कई समाजसेवियों ने बधाई दिया है।

इंडिया गठबंधन प्रत्याशी सुदामा प्रसाद ने वीर कुँवर सिंह को श्रद्धांजलि दी

लोकतंत्र की आवाज

जगदीशपुर/आरा 23 अप्रैल 2024 । आरा संसदीय क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा(माले) प्रत्याशी का. सुदामा प्रसाद ने विजय दिवस की 166वीं वर्षगांठ के अवसर पर जगदीशपुर के किला मैदान पहुंचकर वीर कुँवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कामरेड सुदामा प्रसाद ने इस अवसर पर कहा कि

ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ 1857 के विद्रोह के कुँवर सिंह एक महान नायक थे।उन्होंने शाहाबाद में ब्रिटिश सेना को पीछे धकेल दिया था और 23 अप्रैल, 1858 को जगदीशपुर में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। उन्होंने 1857 की महान उपनिवेशवाद विरोधी - सांप्रदायिकता विरोधी विरासत को सलाम करते हुए

- उपनिवेशवाद विरोधी, साम्प्रदायिकता विरोधी 1857 की लड़ाई के नेता थे कुँवर सिंह

कहा कि देश की आजादी की लड़ाई के साथ गद्दारी करनेवाले ही आज की तारीख में देश की सत्ता पर काबिज हैं और देश के संविधान व लोकतंत्र पर लगातार हमले कर रहे है। हमें इन ताकतों से देश की मुक्त कराने का संकल्प लेते हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा को धूल चटाना होगा। का. सुदामा प्रसाद ने इससे पहले जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के दावा,चकवा,बौलिपुर, सियारूआ जगदीशपुर, तेंदुनी, भाडसारा, ककील और पिपरा सहित कई गांव-टोलों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। तेन्दुनी बाजार मे जनसम्पर्क के दौरान स्थानीय मुखिया मनोज कुशवाहा उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें ।

लोकतंत्र के महापर्व में मतदान के लिए मतदाताओं को किया जागरूक

लोकतंत्र की आवाज

बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया है। जीविका दीदियों के द्वारा लगातार जगह–जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में सोमवार को बनमा ईटहरी प्रखंड के कुशमी गांव स्थित सीएलएफ कार्यालय में जीविका दीदियों के द्वारा स्थानीय मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस क्रम में महिलाओं ने मेरा वोट मेरा अधिकार, हमको यह समझना है सबको वोट दिलवाना है, पहले करे मतदान फिर करे जलपान उसके बाद शुरू करे अपना काम जैसे नारों के साथ जागरूकता फैलाई। वहीं लोकतंत्र में मतदान विषय पर चर्चा परिचर्चा कर मतदाताओं को इसका महत्व समझाया। साथ ही उनसे आगामी सात मई को होने जा रहे चुनाव में अपने–अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अनिवार्य रूप से मतदान करने एवं अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रयोग के लिए जागरूक करने की अपील की गई। मौके पर बीपीएम अनुपम आनंद, सीसी वीणा कुमारी, सोनी कुमारी, राहुल कुमार, बंधना कुमारी, बबिता कुमारी, अंजना रानी, गायत्री देवी, गीता देवी समेत अन्य दर्जनों दीदी मौजूद रहे।

आईटी एप्लीकेशन प्रशिक्षण देने हेतु विधानसभा वार प्रशिक्षक की हुई प्रतिनियुक्ति

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। लोक सभा आम निर्वाचन :2024 प्रयोजनार्थ मोबाइल एप्प से संबंधित प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 के अवसर पर सभी पीठासीन पदाधिकारियों को आईटी एप्लीकेशन संबंधित प्रशिक्षण देने हेतु विधानसभा वार प्रशिक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्रतिनियुक्त प्रशिक्षक को प्रजाइटिंग अफसर एप्प, सेक्टर ऑफिसर एप्प एवं इलेट्रेसेज एप्प से संबंधित विस्तृत, सारगर्भित जानकारी तकनीकी नोडल पदाधिकारी एंव सूचना विज्ञान अधिकारी के द्वारा दी गई। आज आईटी मैनेजर विनय कुमार झा एवं जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में उप– स्थित तकनीकी कर्मियो, प्रशिक्षको के द्वारा सभी पीठासीन पदाधिकारियों को 26 से 30 अप्रैल तक प्रशिक्षण केन्द्र अनुग्रह नारायण सिंह स्मारक उच्च माध्यमिक विद्यालय, जेल कॉलोनी, सहरसा में मोबाईल एप से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में चंदन कुमार झा, नवीन कुमार, पंकज कुमार एवं कोषांग के सभी कर्मी उपस्थित थे।

अरररिया डीएम व एसपी ने पीएम मोदी के प्रस्तावित जनसभा स्थल हवाई फिल्ड फारबिसगंज का किया निरीक्षण

लोक तंत्र की आवाज

अररिया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार 09–अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का तृतीय चरण में मतदान की तिथि 07 मई 2024 को निर्धारित है। इसी क्रम में मंगलवार को जिला पदाधिकारी, अररिया इनायत खान एवं पुलिस अधीक्षक, अररिया अमित रंजन द्वारा संयुक्त रूप से माननीय प्रधानमंत्री का फारबिसगंज अनुमंडल अंतर्गत हवाई फिल्ड में प्रस्तावित जनसभा स्थल का निरीक्षण किया गया। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा बैरिकेटिंग, प्रवेश द्वार, निकासी द्वार हेलीपैड एवं सुरक्षा व्यवस्था के कई बिन्दुओं पर उपस्थित पदाधिकारी से वार्ता कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी फारबिसगंज भूमि सुधार उपसमाहर्ता फारबिसगंज, एसपीजी के अधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी का उपस्थित थे।

25 लीटर देशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

बनमा ईटहरी सहरसा संवाददाता। प्रखंड क्षेत्र के थाना क्षेत्र के तेलियाहाट बाजार से एक शराब तस्कर को 25 लीटर देशी चुलाई महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष ज्योतिष कुमार ने बताया कि तेलियाहाट बाजार से सरयू चौधरी के पुत्र जयप्रकाश चौधरी को 25 लीटर देशी चुलाई महुआ शराब के साथ गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायिक हिरासत में न्यायालय भेज दिया गया हैं।

अररिया लोकसभा सीट पर दिख रहा है त्रिकोणीय मुकाबले का आसार

लोक तंत्र की आवाज

सिकटी। चुनाव चिन्ह मिलते हीं पूर्व विधायक स्वर्गीय मुरलीधर मंडल के सुपुत्र राजद के बागी प्रत्याशी डा. शत्रुध्न प्रसाद सुमन उर्फ शत्रुध्न मंडल चुनावी अखाड़े में रेस हो गए हैं। भाजपा, राजद जदयू से जुड़े दर्जनों विक्षुब्ध जहां शत्रुघ्न मंडल के सपोर्ट में उनका मंच साझा कर रहे हैं वहीं भाजपा के कद्दावर नेता पूर्व विधायक जनार्दन यादव जहां अपनी पूरी टीम के साथ खुलकर शत्रुघ्न मंडल का साथ दे रहे हैं वहीं कभी निवर्तमान सांसद के साथ रहे प्रताप मंडल ने प्रशासनिक कार्यों का दायित्व उठा रखा है। भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह बब्बन इस टीम में चाणक्य की भूमिका में है तो फारबिसगंज भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष किशोर पांडेय, जद यू के पूर्व जिलाध्यक्ष अनंत राय शत्रुघ्न मंडल के साथ मंच साझा कर रहे हैं।

मंडल बाहुल्य वर्ग से आने वाले शत्रुध्न मंडल का मंगलवार को सामाजिक परिवर्तन सभा में विभिन्न पार्टी के नेताओं को मंच पर शिरकत करते देखा गया। शत्रुध्न मंडल के अखाड़े में मजबूती से रहने के कारण यहां त्रिकोणीय मुकाबले के आसार अभी दिख रहे हैं। नाम न छापने की शर्त पर कई नेताओं ने बताया कि सबसे ज्यादा मंडल वोटर का लाभ तो इन्हें मिलेगा हीं यादव, सवर्ण विक्षुब्ध अल्पसंख्यक समाज का वोट बटोरने में ये कामयाब होंगे।

- सामाजिक परिवर्तन सभा विभिन्न दलों के विक्षुब्ध फा-इटर नेता निर्दलीय प्रत्याशी शत्रुघ्न मंडल को किया सपोर्ट

भाजपा नेता कुर्साकांटा, मातृका मंडल – पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जदयू सिकटी, गौरव कुमार राय (बिट्टू) पूर्व युवा राजद जिलाध्यक्ष,हीराचंद मंडल – राजद नेता सिकटी,नीरज सिंह– राजद प्रखंड अध्यक्ष सिकटी, रोहित पासवन – एलजेपी अररिया,उमानंद पासवन – एलजेपी नेता, राकेश विश्वास – भाजपा नेता जोकिहाट,मो बबलू बरदाहा मोअस्लम बरदाहा,मो मासूम सिकटी मो नौसाद – अररिया,घनश्याम मंडल – भाजपा नेता कुर्साकांटा धर्मेंद्र करदार– सिकटी मनोज पान्डेय– विश्व हिन्दू परिषद,शौरभ मिश्रा – बजरंग दल फारविसगंज, रामाशीष चौहान– प्रदेश अध्यक्ष वंचित मुक्ति मोर्चा, बिनोद मंडल– अधिवक्ता, शशि मंडल – पलासी, हजारी मंडल – पैक्स चेयरमैन पलासी,दयानंद पैक, मंठू मंडल – मुखिया आदि ने अपने भाषण में जनता से शत्रुघ्न मंडल के अलमीरा छाप पर बटन दबाकर उन्हें अपार मतों से विजय बनाने की अपील किया। इन नेताओं ने कहा कि शत्रुध्न मंडल सुलझे इंसान हैं डॉक्टर हैं इन्हें लोकसभा भेजें। अति पिछड़ा जिला अररिया का मान सम्मान बढ़ेगा और विकसित होगा अररिया।

उच्च कोटि के राजनीतिज्ञ विनम्रता के साथ साथ अपूर्व विद्वता वाले डाक्टर शत्रुघ्न मंडल जनता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म वे मानते हैं। जातिगत जनगणना का लाभ, यादव का सपोर्ट, मुस्लिम वोट का फोरन मिल गया तो ये बाजी मार लेंगे। इस उमड़ी सामाजिक परिवर्तन सभा में लोगों ने जिस तरह इनके पिता को जिताने के लिए एड़ी चोटी एक करने शपथ ली वहीं वंचित मुक्ति मोर्चा का उन्हें भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस मौके पर वक्ताओं में पूर्व विधायक जनार्दन यादव के आलावा चन्द्रशेखर सिंह बव्वन – पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अनन्त राय – पूर्व जद यू जिलाध्यक्ष, सह पूर्व मुखिया ओमप्रकाश चौधरी– पूर्व भाजपा अध्यक्ष कुर्सीकांटा,देवेश ठाकुर– भाजपा नेता फारविसगंज मनोज पाडेय – पूर्व प्रखंड अध्यक्ष भाजपा नेता फारविसगंज कमलकिशोर सिंह – भाजपा नेता भरगामा,प्रवीण मिश्रा– पूर्व मुखिया कौआकोह दिवाकर झा – भाजपा नेता सिकटी,श्याम विश्वास –

किसान सलाहकार ने गेहू की क्रॉप कटिंग कर फसल उत्पादन का क्या आकलन

लोकतंत्र की आवाज

नौहट्टा सहरसा संवाददाता। नौहट्टा प्रखंड के चंद्रायण पंचायत में गेहूं की फसल की हकीकत परखने के लिए चंद्रायण पंचायत के किसान सलाहकार उज्जवल भारती ने किसान के खेत में खड़ी गेहूं की फसल कटवा कर और उसक ो तौल कराकर फसल उत्पादन का आकलन किया। वही किसान सलाहकार उज्जवल भारती ने बताया की फसल मैं होने वाली कृषि उपज का आकलन करने के लिए कृषि विभाग की ओर से किसानों के खेतों में क्रॉप कटिंग कराई जाती है इसके तहत विभाग के पूरे प्रखंड व जिला के सभी कृषि उपज का आकलन करता है इसी के तहत चंद्रायण में गेहूं की क्रॉप कटिंग कराई गई उसको तैयार कर उसे फसल का वजन विभाग को भेजा जाएगा सलाहकार ने बताया कि क्रॉप कटिंग के माध्यम से पैदावार का आकलन किया जाता है ऐसे में स्थिति साफ हो जाता है कि खादन जिले से बाहर भेजना है अन्य जगह से जिले के लिए मांगना है क्रॉप कटिंग के आधार पर खेत में 10 मीटर लंबाई एवं 5 मीटर चौड़ाई के आयताकार प्रयोगात्मक खंड का निर्धारण किया गया और इस खंड में लगे गेहूं के फसल की कटाई की जाती है उसी से उपज के आधार पर प्रति एकड़ व हेक्टर उपज आकलन की जाती है दरअसल बिहार राज्य फसल सहायता योजना के अंतर्गत विमित फसलों के क्षतिपूर्ति के निर्धारण एवं उत्पादकता दर को ज्ञात करने के लिए खरीफ और रवि मौसम में विमित उङ्क्त्रीरवि गेहूं एवं रवि मकई का पंचायत स्तरीय फसल कटनी प्रयोग आया ।फना जाता है मौके पर मौजूद चंद्रायण पंचायत के किसान अनंत झा, पप्पू यादव, देवनारायण चौधरी, मोहम्मद कलाम , इरशादआदि किसान मौजूद थे।

अभ्यर्थियों के द्वारा किये जानेवाले व्यय के लेखा जाँच हेतु निर्धारित की गई तिथियां

लोक तंत्र की आवाज

अररिया । 09–अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का तीसरे चरण में दिनांक 07 मई 2024 को मतदान की तिथि निर्धारित है। जिसको लेकर जिला स्तर पर प्रशिक्षण सहित निर्वाचन से संबंधी समस्त तैयारियां प्रगति पर है।

इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए अभ्यर्थियों के द्वारा दैनिक रूप से (Day—to—Day) संधारित किये जानेवाले चुनावी व्यय की लेखा जाँच की जानी है। व्यय प्रेक्षक, भारत निर्वाचन आयोग की सहमति से अभ्यर्थियों के द्वारा किये जानेवाले व्यय के लेखा जाँच हेतु निम्नांकित तिथियों का निर्धारण किया गया है, जिसमें जिला निर्वाचन पदधिकारी अररिया–सह–जिला पदाधिकारी, अररिया द्वारा सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि को व्यय लेखा जाँच हेतु स्वयं/निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से अपनी उपस्थित सुनिश्चित करें।

क्रमांक – जाँच – जाँच हेतु तिथि – स्थान – समय

01 – प्रथम – 26.04.2024 – परमान सभागर अररिया – 11:00 बजे पूर्वा0 से 5:00 बजे अप0 तक

02 – द्वितीय – 30.04.2024 – परमान सभागर अररिया – 11:00 बजे पूर्वा0 से 5:00 बजे अप0 तक

03 – तृतीय – 05.05.2024 – परमान सभागर अररिया – 11:00 बजे पूर्वा0 से 5:00 बजे अप0 तक

शत्रुध्न प्रसाद सुमन को मिला अलमीरा तो किसी को कैंची चुनाव चिन्ह,अररिया सीट 09 प्रत्याशी मैदान में, चुनाव चिह्न आवंटित

लोक तंत्र की आवाज़

डा. रूद्र किंकर वर्मा

अररिया। भारत नेपाल सीमा पर अवस्थित अररिया संसदीय सीट का तीसरे चरण में 7 मई को होने वाले मतदान को लेकर 29 उम्मीदवारों ने अपने अपने नामांकन दाखिल किए थे। नामांकन जांच के दौरान 20 उम्मीदवारों के नामांकन निरस्त कर दिए गए। 22 अप्रैल को नाम वापसी की प्रकिया पूरी होने के बाद 09 प्रत्याशी मैदान में रह गए हैं।लोकसभा चुनाव के लिए इन नौ प्रत्याशियों के बीच 22 अप्रैल को चुनाव चिह्न जारी कर दिए गए।

नामांकन वापसी के उपरांत 9 — अररिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी को ये मिला चुनाव चिन्ह

01मो० गौसुल आलम , सा०– करहारा, पो०–महलगाँव, प्रखंड–जोकीहाट, अररिया जो बहुजन समाज पार्टी से हैं उनका चुनाव चिन्ह है हाथी।

02 प्रदीप कुमार सिंह, सा०–ओमनगर, वार्ड नं0–08, पो०+थाना जिला– अररिया, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं उनका चुनाव चिन्ह है कमल छाप।

03 शाहनवाज,सा०–सिसौना, विधायक टोला, पो०–जोकीहाट, जिला–अररिया,राष्ट्रीय जनता दल से हैं उनका चुनाव चिन्ह है लालटेन।

04 मो0 इसमाईल, सा0–फरसाडांगी 02, पो०–बगडहरा, थाना–जोकीहाट, जला–अररिया ये भारतीय मोमिन फ्रंट के कैंडिडेट हैं उनको मिला चुनाव चिन्ह स्लेट।

05 जावेद अख्तर,सा०–सिरसिया हनुमानगंज, पो०–महथावा बाजार, थाना–भरगामा, जिला–अररिया जो द नेशनल रोडमैप पार्टी ऑफ इंडिया के उम्मीदवार हैं उनको मिला गैस का चूल्हा

06 अखिलेश कुमार, सा०–मिल्की डुमरिया, पो०–भंगही, जिला–अररिया जो निर्दलीय प्रत्याशी हैं उनको मिला चुनाव चिन्ह कैंचीरछाप

07 मुस्ताक आलम, ग्राम+पो०–चन्द्रदेई, थाना–अररिया आर०एस०, जिला–अररिया जो निर्दलीय प्रत्याशी हैं उनको मिला चुनाव चिन्ह एअरकंडीस्नर

08 मो० मूबिनुल हक,सा०–दुर्गापुर, पो०–भुना, थाना–महलगाँव, जिला–अररिया जो निर्दलीय उम्मीदवार हैं उनको चुनाव चिह्न मिला ब्लैक बोर्ड

09 शत्रुध्न प्रसाद सुमन,सा०–भुतहा, थाना–सिकटी, जिला–अररिया जो निर्दलीय प्रत्याशी हैं उनको मिला अलमारी छाप। चुनाव चिन्ह के साथ प्रत्याशी जोर शोर से चुनावी अखाड़े में में पिल गए हैं।

सहरसा के क्षेत्रों में एक दर्जन से अधिक घर राख

लोकतंत्र की आवाज

महिषी, सहरसा संवाददाता। अंचल क्षेत्र के आरापट्टी पंचायत अन्तर्गत कुम्हरा में शनिवार की रात लगी आग से एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गया। आग इतनी तेज थी कि घर में रखा सारा समान जल कर राख हो गया। शनिवार की संध्या 7:00 बजे के करीब शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण महिषी प्रखंड के अरापट्टी पंचायत के कुम्हरा गांव के वार्ड नंबर 4 में आग लगने क 11 परिवारों का घर एवं ट्रैक्टर व अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि लोग अपने–अपने घरों से अपना सभी समान भी नहीं निकाल सके। गांव में सभी जगह चीख पुकार मच गई।

वहीं ग्रामीणों की सूचना पर अंचलाधिकारी के द्वारा सहरसा से चार दमकल मंगवाने के बाद आग पर 3 घंटा बाद काबू पाया गया। घटना के समय खुद अंचलाधिकारी अनिल कुमार व दो थाना के थाना अध्यक्ष भी मौजूद थे। लगभग 10:00 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। जिला से भी लगभग 8:00 बजे तीन दमकल कुल चार दमकल के सहारे 10:00 बजे रात में आग बुझाने पर काबू पाया गया। आग लगी की घटना शॉर्ट सर्किट के कारण मो. अयूब के घर से लगी आग में उनके घर का सारा सामान के साथ एक ट्रैक्टर भी जलकर राख हो गया। इसके साथ सभी 11 परिवारों में मो. अयूब, मो. अहसान, मो. रिजवान, मो. बरकत अली, मो. कासिम, मो. अशरफ अली, मो. इमरान, मो. लुकमान व मो. इरफान अली, इमराना खातून व हमीदा का घर और सारा सामान जल गया। वहीं सीओ ने कहा कि गैर आवासीय परिसर मो. अशरफ अली के घर के सामने शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। पीड़ितों में मो अयूब ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी तो पीड़ित परिजनों को भी नहीं है। क्योंकि आग लगते किसी ने देखा नहीं।

कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत ये उछालो यारों

लोक तंत्र की आवाज़

डा. रूद्र किंकर वर्मा

अररिया। जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश कुमार ने अपने सुझात्मक मांग आयुक्त ,नवोदय विद्यालय समिति, नोएडा एवं शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के समझ सकारात्मक तरीके से रखी थी,जिसे गंभीरता से लिया गया और इस ओर संभावना बनी है।

रकौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबियत ये उछालो यारोंरयह दुष्यंत कुमार की बहुत ही प्रेरणादायी कविता की पंक्ति है। इसका सीधा सा यही मतलब है कि कोई भी कार्य कठिन नहीं होता बस जरूरत है सही मन और पक्के इरादे से उस कार्य को पूरा करने की कोशिश करना। इस दुनिया में ऐसा कोई असम्भव कार्य नहीं है। यदि पक्के इरादे और सार्थक प्रयास से जब सफलता मिलती है तो जीवन में एक उजास भरने लगता है और अंधकार विलिन हो जाता है और खुशी की लालिमा आशा की किरण जाग उठती है। ऐसी ही खुशी की लालिमा से आशा की ज्योति जगाने में सफलता हासिल हुई है जवाहर नवोदय विद्यालय अररिया के कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश कुमार को। इन्होंने अपने पक्के इरादे और सार्थक प्रयास से जवाहर नवोदय विद्यालय में सभी कला शिक्षकों के लिए पीजीटी पद सृजन का नया रास्ता खोल दिया है।

जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना 1986 में हुई तब से सभी मुख्य विषय के अध्यापकों के लिए पद विस्तार व प्रोन्नति का प्रावधान था किन्तु कला, संगीत व फिजिकल एजुकेशन शिक्षकों के लिए यहां केवल टीजीटी पद का ही सृजन होता था। किन्तु अब राजेश कुमार के प्रयास से इसमें बदलाव किए जाने एवं कला में पीजीटी का पद विस्तार की संभावना जागी।

कला शिक्षक राजेश कुमार ने अपनी जायज मांग को चार पृष्ठीय सजेस्टिव ग्रीवांस पत्र के माध्यम से आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति, नोयडा को एवं धर्मेंद्र प्रधान ,शिक्षा मंत्री, भारत सरकार को दो बार भेजा था। जिसमें नई शिक्षा नीति–2020 का हवाला देते हुए कला शिक्षा को मुख्यधारा में लाने के महत्व पर बल देते हुए मेन स्ट्रीम के विषयों के साथ समवेत एवं उत्पादकतापूर्ण व प्रायोगिक रूप से जोड़ कर ज्ञान व कौशल का परिमार्जन व जीवनोपयोगी बनाने की दिशा से जोड़ने की बात कही। कक्षा छठवीं से बारहवीं तक बच्चों को कला शिक्षा से रूचि के अनुसार अथवा आवश्यक रूप से जोड़ने से उन्हें कला महाविद्यालयों में कला शिक्षा लेने व कियटिव क्षेत्र मे रोजगार से जुड़ने का अवसर मिलेगा। नवोदय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य बच्चों का सर्वांगिण विकास करना है, बहुत से ग्रामीण प्रतिभा में कला कौशल के विकास से रचनात्मकता व सृजनात्मक उर्जा का विकास होता है अतएव बारहवीं में कला को अपनी अभिरूचि एवं रचनात्मक प्रतिभा से एक विषय के रूप में लेने से उनकी शिक्षा में सहजता एवं तनावमुक्त हो सकती है। पत्र में इस ओर भी विशेष तौर से ध्यानाकर्षित किया गया था कि कला के क्षेत्र में कैरियर की कितनी संभावनाएं है और लगभग 50 कैरियर आप्शन का उल्लेख किया गया।

अपनी संवेदनात्मक व शिक्षा में गुणात्मक बदलाव के लिए कला शिक्षा का सार्थक एवं रचनात्मक उर्जा को समाज के समवेत बनाने एवं कला विस्तार देकर कला शिक्षा को योग्यता एवं दक्षता के अनुसार पीजीटी पद के सृजन की सकारात्मक मांग की।

- नवोदय विद्यालय में कला शिक्षा का विस्तार–पीजीटी पद सृजन की संभावना जगी: कला शिक्षक मूर्तिकार राजेश कुमार
- अब नवोदय विद्यालयों में भी कला शिक्षकों का हो सकेगा प्रोन्नति और कला शिक्षा के विस्तार से छात्रों को कैरियर बनाने संभावना बढ़ेगी

जिसके आलोक में सहायक आयुक्त कृष्णा गौड़ नवोदय विद्यालय समिति नोयडा का संतोषजनक प्रत्र प्राप्त हुआ जिसमें इसकी पुष्टि की गई कि नेशनल करिकूलम फ्रेमवर्क 2023 में अन्य विषयों की भांति कला को मेन स्ट्रीम में लाया जाएगा और कला में पीजीटी पद का सृजन संभावी होगा।

अपने जायज सजेस्टीव ग्रीवांस का सकारात्मक पत्रोत्तर पाकर खुशी जाहिर करते हुए राजेश कुमार कहते है इसका लाभ देशभर के नवोदय विद्यालयों में कार्यरत सभी योग्य कला शिक्षकों के साथ साथ कियटिव ग्रामीण प्रतिभा को भी मिलेगा और पीजीटी पद सृजन से कला शिक्षकों के लिए और भी संभावनाओं के नये रास्ते खुलेंगें। इस पत्र को साझा करते ही अन्य विद्यालयों कला शिक्षकों ने राजेश कुमार की सजगता व सार्थक प्रयास की सराहना करते हुए बधाई दी है और विद्यालय के प्राचार्य सुशांत कुमार झा व उप प्राचार्य राजकुमार मिश्रा ने भी प्रशंसा व सराहना की।

सहरसा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत चर्चाएं आपराधिक वारदातों को लगातार अंजाम दे रहे अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवाददाता। सदर थाना क्षेत्र के सदर अस्पताल में गोली मारकर हत्या की घटना को अंजाम देने के दस दिन बाद भी खुलासा नहीं हो सका है। आम लोग चोरी से परेशान हैं। मामले में कार्रवाई न होने से चोरों का मनोबल बढ़ रहा है। लोग अपना सामान खोकर थाना का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

चोरी की वारदात को अंजाम देने के दौरान अक्सर इस बात की जानकारी सामने आ रही है कि अधिकांश मामलों में उन घरों को निशाना बनाया गया है, जिन घरों के लोग घरों में ताला मारकर कहीं बाहर रह रहे हैं। पुलिस का दावा है कि सुबह से लेकर 24 घंटे कई बाहर गश्ती होती है। बावजूद चोरी पर रोक नहीं लग पाना परेशानी का सबब बन चुका है। सुबह से गश्ती की शुरुआत होती है। सदर थाना क्षेत्र में दो भागों में पूर्वी व पश्चिमी क्षेत्र में अलग–अलग गश्ती निकलती है। सुबह की गश्ती के बाद दस बजे से दिवा गश्ती, दिवा गश्ती के बाद संध्या गश्ती, संध्या गश्ती के बाद रात्रि गश्ती का दावा सदर पुलिस करती है। 20 अप्रैल शुक्रवार को सदर थाना क्षेत्र के तिवारी टोला, सूबेदारी टोला, सिमराहा में एक ही दिन कुछ अंतराल पर महिला के गले से सोने की चेन की छिनतई कर ली गई। रिफ्यूजी कॉलोनी में एक बाइक की डिक्की से 38 हजार निकाल लिए गए। शनिवार की सुबह तिवारी टोला के पास सेवानिवृत्त अभियंता सुशील सिंह की पत्नी के गले से सोने का चेन छीन लिया गया।

चोरी की घटनाएं

- 19 आपला शिवपुरी निवासी राकेश मोहन के घर से नगदी और जेवरात की चोरी कर ली गई।
- 16 अप्रैल रात 3 .30 से 4 बजे के बीच में चोरों ने लेडीज पर्स से डेढ़ लाख रुपए के सोने के आभूषण और दस हजार नकद चोरी कर ली।
- मला समाहरणालय सहरसा में सहायक प्रशासी पदाधिकारी रमन कुमार के न्यू कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में दिनदहाड़े चोरी कर ली गई। पीड़ति कर्मी इलाज के लिए अपने पुत्र के साथ पटना गए थे। पत्नी आलो रानी कर्मकार भी कार्यालय गई थी। अलमीरा तोड़ कर चोरों ने सोने के जेवरात और 45 हजार नगद चोरी कर ली।
- 14 अप्रैल कैलाशपुरी स्थित आर्मी जवान पवन कुमार और किरायेदार रंजित राय के घर में चोरी हुई। चोरों ने मकान मालिक का एक सोने की चेन, मोटर और कीमती कपड़ा की चोरी कर ली। वहीं किराएदार के घर से एक लैपटॉप, दो मोबाइल, दो जोड़ा पायल, कान का एक, नाक का एक, नगद दस हजार, दो बैग कीमती कपड़ा की चोरी कर लिया।
- आभार्च संत नगर निवासी रौशन कुमार सिंह के घर से लाखों के जेवरात और अन्य सामान की चोरी हो गई। रात 12 बजे से चार बजे के बीच मेरे घर में चोरों ने ताला तोड़ कर अलमीरा में रखे लगभग ढाई लाख रुपए के जेवरात और अन्य समानों की चोरी कर ली।
- 30 मार्च शिवपुरी में चोरों ने अंकुर सिंह के घर का ताला तोड़ कर लाखों के जेवरात और नगदी की चोरी कर ली। गोदरेज अलमीरा खोलकर नकद रुपया 19 हजार और सोने चांदी का गहना करीब 6 लाख मूल्य का चोरी हुआ है। सीसीटीवी का डीवीआर सेटअप बॉक्स और स्मार्ट वॉच चोरी हुई है।
- 20 मार्च गंगजला वीर कुंवर सिंह स्कूल निवासी नेहाल कुमार के घर से चोरों ने लगभग तीन लाख नगद राशि, लगभग चार लाख रुपए का आभूषण, दो मोबाइल फोन चोरी हो गई है।

संक्षिप्त खबरें ।

तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों की मौत, सड़क जाम

लोकतंत्र की आवाज

निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ, टंडवा (चतरा)। टंडवा थाना क्षेत्र के टंडवा–पिपरवार मुख्य पथ किनारे स्थित नईपारम मोड़ में मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को रौंदा दिया जिससे दोनों बाइक सवार युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चपेट में आये युवकों को गंभीरावस्था में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया था जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं हजारीबाग ले जाने के दौरान ही दोनों युवकों की मौत रास्ते में हीं हो गई। मृतकों की पहचान खलारी थाना क्षेत्र के राय निवासी मुनेश्वर महतो के 25 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार एवं केरेडारी थाना क्षेत्र के पगार गांव निवासी गुलाब महतो के 27 वर्षीय पुत्र छोटे कुमार के रूप में की गई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर टंडवा–पिपरवार मुख्य पथ को जाम कर कोयले का ढुलाई बन्द करवा दिया। खबर लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था।

निशा सिंह के सहयोग से मिला आराध्या भारती को व्हीलचेयर

लोक तंत्र की आवाज़

देवघर। कहते हैं जिनका कोई नहीं होता उनका भगवान होता है सिर्फ प्रयास करने की जरूरत है. देवघर जिला के विलियम्स टाउन मोहल्ला नियर जटाई मोड निवासी जयदेव पंडित के सुपुत्री आराध्या भारती दोनों पैरों से विकलांग थी चल नहीं पा रही थी, इनको मानव के रूप में भगवान मिला है जी हां व्हीलचेयर उपलब्ध कराया गया है व्हीलचेयर उपलब्ध कराने में निशा सिंह और संजय कुमार व्यक्ति की अहम भूमिका मानी जा रही है आपको बता दें कि विकलांग होने की सूचना निशा सिंह अपने फेसबुक आईडी पर पोस्ट की के संजय कुमार ने पोस्ट को देखा तो तुरंत मैसेंजर के माध्यम से मैसेज कर सूचना दिया गया कि मैं इस बच्ची को व्हीलचेयर दे रहा हूं। क्या कहती है निशा सिंह ने भजन नहीं बल्कि माता रानी ने बुलाई इस बच्ची के घर पर एक मसीह के रूप में बुलाई और आज उसे बच्ची की सहारा बनी में इसकी आवश्यकता की पूर्ति किया हो गई।

अधूरे फीडर के अधूरे काम को पूर्ण करने को लेकर मुखिया ने सौंपा मांग पत्र

लोकतंत्र की आवाज
पूर्वी सिंहभूम झारखंड

जादूगोड़ा/पोटका। हल्दीपोखर टाउनशिप फीडर के अधूरे कार्य को पूर्ण करने तथा हल्दीपोखर पोचा तलाब के ऊपर से बिजली प्रवाहित होने से दुर्घटना की संभावना को देखते हुए, तथा दुर्घटना से बचने के लिए जाली की व्यवस्था करने की मांग को लेकर मुखिया देवी कुमारी भूमिज द्वारा सीनियर इंजीनियर अमीनुल हक को एक मांग पत्र जीएम के नाम सौपा गया एवं अभिलंब हल्दीपोखर के टाउनशिप फीडर का कार्य पूरा करने की मांग की उन्होंने कहा कि बरसात आने वाला है लगभग 1 वर्ष से आश्वासन दिया जा रहा है मगर अब तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है इस आक्रोश को देखते हुए जल्द से जल्द टाउनशिप फीडर का कार्य पूर्ण किया जाऐ

पोटका बिडियो अभय कुमार द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक कर समीक्षा की

लोकतंत्र की आवाज

जादुगोडा/पोटका। सिंहभूम के पोटका प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर पोटका प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार द्विवेदी ने समीक्षा बैठक की । बैठक में उपस्थित सभी को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए । उन्होंने कहा लोकसभा चुनाव में जीनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका पालन ईमानदारी से करेगे । चुनाव में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी । चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सभी का योगदान जरूरी हैं । विकलांगों एवं वृद्ध, विधाओं का विशेष ध्यान रखें ताकि मतदान करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो । पेयजल, शौचालय की व्यवस्था को दुरुस्त रखेंगे । सभी क्लस्टर अपने स्तर से बैठक कर रणनीति बनाएंगे और सभी जिम्मेदारी को बांटकर काम करेंगे । इस बैठक में उपस्थित बीपीआरओ अख्तर हुसैन, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, क्लस्टर ऑफिसर, सेक्टर ऑफिसर, विद्यालय के बच्चे (वोलेंटियर्स), रसोईया के साथ अधिकारी उपस्थित रहे ।

सीमा सुरक्षा बल के जवान मटकू राम हेंब्रम का निधन. गार्ड ऑफ़ ऑनर के साथ अंतिम विदाई

लोकतंत्र की आवाज

घाटशिला से रवि प्रकाश सिंह

पूर्वी सिंहभूम झारखंड। धालभूमगढ़ प्रखंड के कोकपाडा पंचायत अंतर्गत सरफडांगा गांव निवासी सीमा सुरक्षा बल के 51 वर्षीय जवान मटकुराम हेंब्रम का निधन कोलकाता के सरोज गुप्ता कैंसर अस्पताल में लंबी इलाज के बाद रविवार की शाम को हो गया. जवान मटकू राम हेंब्रम के पार्थिव शरीर को उनके यूनिट के जवानों और दो अफसरों ने सीमा सुरक्षा बल के वाहन से कोलकाता से लेकर आए और उनके पैतृक आवास पर समाज की रीति रिवाज के अनुसार अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ करवाया. सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अपने जवान को सेना के नियमानुसार गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान प्रकट किया.

गार्ड ऑफ ऑनर में 24 गोलियों की सलामी दी गई.उसके बाद उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी. जानकारी हो कि मटकू राम हेंब्रम सुरक्षा बल में एएसआई के पद पर त्रिपुरा में नियुक्त थे. नियुक्ति के दौरान एक बार मछली खाने से जीभ में काटा फंस गया था. यह घटना नवंबर 2023 की है. शुरुआत में इन्होंने इसे एक बहुत ही हल्की–फुल्की घटना माना जबकि वह खुद शुगर के मरीज थे.

धीरे–धीरे घाव ने दूसरा रूप ले लिया और लंबी इलाज के बाद बिते दिनों कोलकाता के सरोज गुप्ता कैंसर अस्पताल में अपने जीवन लीला को विराम दे दिया. स्वर्गीय मटकू राम हेंब्रम अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं. पत्नी सहित दो पुत्र और एक पुत्री भी है. बड़ा बेटा घर पर रहता है जबकि छोटा बेटा कार्तिक हेंब्रम घाटशिला संत नंदलाल में 12वीं कक्षा में अध्यनरत है और वही बहन मंजू हेंब्रम रांची में निर्मला कॉलेज में आईटी की पढ़ाई कर रही है.

स्वर्गीय मटकू राम हेंब्रम लगभग 25 वर्षों तक सीमा सुरक्षा बल के यूनिट में अपना योगदान दिए. उनकी अंतिम संस्कार में सीमा सुरक्षा बल के इंस्पेक्टर महावीर प्रसाद एवं जय राम सिंह अपने 11 जवानों के साथ मौजूद थे. वहीं जिला प्रशासन की ओर से घाटशिला थाना प्रभारी मधुसूदन दे , धालभूमगढ़ थाना प्रभारी राजेश कुमार मुंडा अपने–अपने जवानों के साथ उपस्थित थे. झारखंड पुलिस के जवान तथा थाना प्रभारी ने स्वर्गीय मटकू राम के पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की. इस अवसर पर काफी संख्या में उनके रिश्तेदार और गांव के लोग अंतिम क्रिया में और दर्शन में उपस्थित थे.

पलामू संसदीय क्षेत्र को पीएम मोदी व श्री बीडी राम के लूट व झूठ का चारागाह नहीं बनने दिया जाएगा: झारखंड क्रांति मंच

लोक तंत्र की आवाज

बिनोद सिंह पलामू

पलामू। झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने आज मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर कहा है कि पलामू संसदीय क्षेत्र में पी०एम० नरेन्द्र मोदी व बाहरी प्रत्याशी बी०डी०राम द्वारा लूट व झूठ की खेती को हमेशा के लिए बन्द कराने को जनता तैयार बैठी है, जारी बयान में उन्होंने कहा है कि इस बार सभी वर्ग के मतदाताओं के अलावा अनुसूचित जाति के मतदाता गण पिछले 10 साल के नफरती राजनीति, अपमान व विनाश का हिसाब चुकता करेंगे,

बयान में उन्होंने कहा है कि अनुसूचित जाति के जिस उप जाति से बी०डी०राम व उनके रिश्तेदार राधाकृष्ण किशोर आते हैं, उस उपजाति के लोग परंपरागत रूप से बड़ी संख्या में चौकीदार– दफादार की नौकरियों में हुआ करते थे, लेकिन एक साजिश के तहत सरकार में बैठे हुए लोगों ने उनकी नौकरियां समाप्त कर दी।

यह गौरतलब है कि पलामू के लिए अभिशाप बन चुके साले–बहनोई की जोड़ी ने ना डीजीपी रहते हुए और ना ही एम०पी०/एम०एल०ए० व मंत्री के रुप में कभी इस मुद्दे पर लड़ने व बोलने की जहमत उठाई ?ऐसे समाज के गद्दार लोग आज अपनी ही उपजाति के लोगों के पैरों में गिर कर क्षमा मांग रहे हैं, बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि अनुसूचित जाति के नाम पर कलंक बन चुके ऐसे नासुर वंशवादी राजनीति में अपने नालायक कुनबों को स्थापित कर अपनी ही तरह दलाल पैदा कर झारखण्ड के 70 लाख से ज्यादा अनुसूचित जातियों के हक–अधिकार को जमींदोज करना चाहते हैं, जिसके खिलाफ संसदीय क्षेत्र की जनता भारी मतदान करेगी।

छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली पेड़ों में सूत्र बांध लिया रक्षा का संकल्प

लोकतंत्र की आवाज़

निशांत तिवारी, जिला ब्यूरोचीफ

टंडवा (चतरा)। सोमवार को अंतरराष्ट्रीय पृथ्वी दिवस के मौके पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय के विद्यार्थियों ने जागरूकता रैली निकाली ।

जिसका नेतृत्व पर्यावरण प्रेमी शिक्षक बिनेश्वर महतो कर रहे थे। विद्यार्थी धरती माता करे पुकार– हरा भरा कर दो संसार, धरती हमारी जननी है – इसकी रक्षा करनी है के जोरदार नारे लगाते हुवे हेसातु,सिदपा, गिद्दी, नावाडीह,पचम्बा व मिश्रोल से होकर पंचपहाड़ी जंगल पहुंचे जहां पेड़ों में सूत्र बांधकर सभी ने रक्षा का संकल्प लिया।इस मौके पर दर्जनों छात्र–छात्राओं समेत शिक्षक व ग्रामीण मौजूद थे।

शहादत दिवस पर याद किए गए स्वतंत्रता सेनानी तेलांग खड़िया

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह पूर्वी सिंहभूम झारखंड घाटशिला। घाटशिला प्रखंड अंतर्गत कड़ाडूबा पंचायत केन्दोपुसी ग्राम में झारखंड नवनिर्माण अभियान की ओर से स्वतंत्रता सेनानी तेलांग खड़िया का शहादत दिवस होपना टुडू और रोहणी सबर के नेतृत्व में मनाया गया। सबसे पहले तेलांग खड़िया का विधिवत रूप से पूजा अर्चना किया गया। इस मौके पर विभिन्न गांव से लोग शामिल हुए। इस अवसर पर झारखंड नवनिर्माण अभियान के संरक्षक मदन सोरेन ने कहा कि तेलांग खड़िया एक शक्तिशाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ लड़ने के लिए अपने बहादुर बलिदान और शहादत के लिए एक प्रेरणा के स्त्रोत है।

उन्होंने कहा कि अंग्रेज जब चोट नागपुर इलाका में अपना शासन स्थापित कर लिया था स्थानीय पारंपरिक व्यवस्था पर रोक लगाया था अपने ही जमीन पर माल गुजरे देना पढ़ रहा था स्थानीय जमीदारों और सहकारों द्वारा शोषण दमन अत्याचार चरम पर था अंग्रेजों के साथ उनका अच्छा घाट जोड़ था लोग जब री चुकता नहीं कर पाते तब उनके जमीन को लूट लिया जाता था यह देखकर तेलंगाना खड़िया आर पार की लड़ाई लड़ने का नेतृत्व किया इस अवसर पर मुख्य रूप से होपना टुडू, रोहिणी सबर, भुटू सबर, सुमित्रा सबर, नाडु सबर, गोंदा सबर, हप्पू सबर, गोंदा सबर, लाल सबर, प्रेम सबर आदि उपस्थित थे।

बड़े हर्ष उल्लास के साथ गिरिडीह में बाबू वीर कुंवर सिंह जयंती मनाई गई

लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा, (ब्यूरो चीफ)

गिरिडीह झारखंड। 1857 स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के 162 वी जयंती पर जिला क्षत्रिय कल्याण समाज एवं बाबू वीर कुंवर सिंह सेवा समिति की ओर से हनुमान जन्मोत्सव तथा बाबू वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव मनाया गया। जिसमें कुछ विशेष के जनों के साथ श्री चंद्र मोहन प्रसाद भी देखे गए हनुमान जन्मोत्सव को लेकर गिरिडीह वीर कुंवर सिंह सेवा समिति ने संध्या 7:00 बजे के बाद आरती एवं भजन की व्यवस्था की है।

इस कार्यक्रम में क्षत्रिय कल्याण समाज के अध्यक्ष श्री विष्णु सिंह महामंत्री, श्री भोला सिंह कोषाध्यक्ष , तथा सुरेंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम को बड़े सफलता के साथ पूर्ण की। शिकार कम को पूर्ण करने में डायमंड बुक एजेंसी के श्री सुनील सिंह जी काफी एक्टिव देखे गए।

सीओ ने की बालू माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई दो स्थानों पर हुई छापेमारी में अवैध बालू जप्त

लोकतंत्र की आवाज

रवि प्रकाश सिंह, पूर्वी सिंहभूम झारखंड

घाटशिला। घाटशिला प्रखंड की सीओ निशांत अंबर के द्वारा बुधवार दोपहर तामुकपाल में छापेमारी कर काफी मात्रा में अवैध बालू जब्त की गई गुप्त सूचना के आधार पर मिली जानकारी पर को ने यहां छापेमारी की तो यहां पर काफ़ी बड़ी मात्रा में अवैध बालू पाया गया

यहां रैयती जमीन पर बालू की जमाखोरी कर ट्रैक्टर के माध्यम से उसे ऊंचे दाम पर बेचा जा रहा था जानकारी के अनुसार यह जमीन पंचानन सिन्हा के नाम पर रैयती है पंचानन के पुत्र उत्तम सिन्हा उर्फ बिलटू सिन्हा जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय प्रबंध समिति में बर्सर है इस स्थान से थोड़ी ही दूरी पर मुखिया का आवास है, इसके तुरंत बाद हाईवे पर फूल डूंगरी के सामने स्थित के के ढाबा के पीछे भी छापेमारी की गई, जहां काफी मात्रा में अवैध बालू की जब्ती की गई, यहां पर एक ट्रैक्टर की जब्ती की गई इस अवसर पर सीआई संतोष राम भी मौजूद रहे अंचल अधिकारी की इस कार्रवाई से अवैध बालू माफियाओं में हड़कंप मजा हुआ है बता दें कि घाटशिलाव आसपास के क्षेत्र में इन दोनों अवैध बालू का कारोबार तेजी से फैल गया है हाल के दिनों में अंचल अधिकारी की कार्रवाई से इन बालू माफिया के हौसले जरूर कमजोर हुए हैं

गिरिडीह की रोड जाम समस्या प्रत्येक दिन की बात

लोकतंत्र की आवाज

विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)

गिरिडीह, झारखंड। कहा जाता है, कि जब हम किसी को चरण स्पर्श प्रणाम करते हैं तो प्रणाम स्वीकार करने वाले व्यक्ति को भी झुकना होता है। यहां बात इस संदर्भ में बताई जा रही है कि यातायात निरीक्षक श्री राजेंद्र प्रसाद महतो जी से बात हुई जिसमें उन्होंने बिना किसी पर कोई आरोप –प्रत्यारोप की बात करते हुए अपनी यातायात व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। वैसे जाम रोकने की पहली जिम्मेदारी स्वयं की है और जब हम इस ओर अग्रसर रहेंगे तो प्रशासनिक मदद भी और बेहतर हो जाएगी। जिसमें ट्रैफिक नियम का पूरी जिम्मेवारी से पालन करना होता है ।

दूसरा कारण गिरिडीह में बाईपास ओवर ब्रिज का ना होना भी है क्योंकि तेजी से शहर में जनसंख्या दबाव बढ़ता ही जा रहा है वैसे भी शहर मुख्यालय होने के कारण जनसंख्या दबाव तो रहता ही रहता है शहरी जनसंख्या में तेजी से वृद्धि ,टू व्हीलर बाइक की संख्या वृद्धि, टोटो की संख्या वृद्धि। गिरिडीह शहर की अंतर्गत मकतपुर चौक, बड़ा चौक,स्टेशन रोड , बरवाडीह रोड इत्यादि इत्यादि, रोड की चौड़ाई वही है परंतु सड़क किनारे वालों ने स्थिति ,परिस्थिति देखकर भी खुद का नजर

- जाम की समस्या पर यातायात निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद महतो ने अपनी बात रखी

फेर लेते हैं और दुकान की कुछ सामान भी रोड का दर्शन करती रहती है। तीसरा सबसे तीसरा कारण पार्किंग की व्यवस्था का जबरदस्त अभाव वह ऐसे की जहां पार्किंग हेतु नगर निगम ने जगह सुलभ करवाई ?5 प्रति बाइक शुल्क निर्धारित किया गया उस स्थल पर वहां दिन में चप्पल ,जूता फल ,सब्जी तथा रात्रि में छोला भटूरा बिरयानी इत्यादि के लगभग दर्जन भर हम खोमचे रहते हैं। कुल मिला जिला कर यह कहां जा सकता है कि यदि गिरिडीह शहर को जाम की समस्या से बचानी है,प्रदूषण स्तर कम रखनी है तो बायपास रोड की व्यवस्था अति आवश्यक है।

पलामू जिला से बिस्कोमान का चुनाव में निर्विरोध जीते प्रफुल

लोकतंत्र की आवाज



पलामू। बिस्कोमान (बिहार–झारखंड) की विशेष आम–सभा का निदेशक पार्षद के प्रतिनिधि निर्वाचन के लिए सोमवार को नामांकन पर्ची दाखिल किया गया. डाल्टनगंज सेंट्रल को–ऑपरेटिव बैंक परिसर स्थित बिस्कोमान भवन में बिस्कोमान के जिला मतदान पदाधिकारी सह निर्वाचन प्रभारी विवेक कुमार सिंह के समझ प्रफुल कुमार सिंह ने नामांकन पर्ची दाखिल किया.

प्रफुल के खिलाफ किसी ने नामांकन नहीं भरा इसलिए उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। प्रफुल हुसैनाबाद के पिपरा प्रखंड के मूल निवासी हैं, वर्तमान में प्रफुल भूमि विकास बैंक (बिहार–झारखंड) , बिहार स्टेट हाउसिंग को–ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (बिहार–झारखंड) में निदेशक पद पर कार्यरत हैं। बिस्कोमान (बिहार स्टेट को–ऑपरेटिव मार्केटिंग यूनियन लिमिटेड), झारखंड स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक में भी पलामू का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

चुनाव जीतने के बाद, प्रफुल ने झारखंड सरकार से मांग की कि यूरिया, दलहन, तिलहन आदि की खरीद के लिए बिस्कोमान को आधिकारिक रूप से स्टेट नोडल एजेंसी घोषित की जाए ताकि किसानों को यूरिया की कमी का सामना न करना पड़े और साथ ही लाभकारी मूल्य पर उन्हें खाद मिल सके, उन्होंने आश्वासन दिया कि किसानों के लिए यूरिया की कोई कमी नहीं होगी और किसानों से यूरिया के लिए एक रुपये अतिरिक्त नहीं लिया जाएगा। यूरिया बिक्री का रजिस्टर में पूरा विवरण दर्ज करना होगा। यूरिया बिक्री केंद्र पर पर्यवेक्षक के द्वारा लगातार निरीक्षण कराया जाएगा। स्टॉक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, प्वाइंट ऑफ सेल (पीओएस) मशीन होनी चाहिए। बिस्कोमान केंद्र स्टॉक बोर्ड पर रेट अंकित होना चाहिए।

- वर्तमान में प्रफुल भूमि विकास बैंक (बिहार–झारखंड) , बिहार स्टेट हाउसिंग को–ऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड (बिहार–झारखंड) में निदेशक पद पर कार्यरत है

प्रफुल ने बताया कि यूरिया का रेट 265 रुपये प्रति बैग है। इससे अधिक पर नहीं बेचा जाएगा। आधार कार्ड लेकर बिक्री केंद्र पर पहुंचने वाले किसान को पीओएस मशीन पर बायोमीट्रिक करानी होगी। बायोमीट्रिक यूडीआइ से वैरीफाई होगा, प्रफुल अविभाजित बिहार के सम्मानित सहकारी नेता और पूर्व मंत्री स्वर्गीय अवधेश सिंह के बेटे हैं। अवधेश बाबू एक प्रमुख सहकारी नेता थे, जिन्होंने अपने कॉलेज के दिनों से ही अविभाजित बिहार के पलामू जिले के दूरदराज के इलाकों में सहकारी आंदोलन का नेतृत्व किया था। अपनी साधारण साइकिल पर ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा करते समय, वह हमेशा किसानों को सहकारी समितियों में संगठित होने के लिए प्रोत्साहित करते थे और उनके जीवन को बदलने में सहकारी मॉडल की श्रेष्ठता पर जोर देते थे, अवधेश बाबू 1970 में जिला सहकारिता बैंक के सचिव बने। बाद में वे 1972 में विधायक और सहकारी बैंक के निदेशक बने। 1977 से, वह 1989 तक सहकारी बैंक, बिस्कोमान, भूमि विकास बैंक और हाउसिंग बोर्ड के निदेशक थे। वह 1995–2000 तक बिहार के सहकारिता मंत्री थे।

संक्षिप्त खबरें ।

एनडीए कार्यालय खोल किया विजय का आगाज

लोक तंत्र की आवाज

पटना,सुधांशू रंजन। गठबंधन का कार्यालय नई सड़क चौक पटना सिटी स्थित भामाशाह ट्रस्ट भवन में खोला गया। कार्यालय का उद्घघाटन एनडीए के उम्मीदवार भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने किया। इस अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव भी उपस्थित रहे। साथ ही साथ बिहार के मशहूर उदयोग पति नितिन कुमार मौजूद रहे। कार्यालय उद्घघाटन के उपरांत एनडीए के भाजपा उम्मीदवार रविशंकर प्रसाद ने कहा कि राष्ट्र को आर्थिक एवम् सामरिक दृष्टि से मजबूत बनाने के लिए केंद्र में भाजपा की सरकार होना जरूरी है। मोदी जी के नेतृत्व में देश आर्थिक दृष्टिकोण से पांचवा स्थान हासिल किया है तो सामरिक दृष्टि से मजबूत राष्ट्र होने का एहसास पूरे विश्व को कराया है। देश में गरीब तबके के लिए प्रधानमन्त्री अन्न योजना, गरीबों के लिए आवास योजना, किसानों को सालाना आर्थिक लाभ, महिलाओं के लिए उज्जवला गैस योजना,आवागमन के लिए ग्रामीण सड़क, राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण , युवाओं के लिए कौशल विकास मिशन ये सारे कार्य देश के आंतरिक मजबूती प्रदान करने वाली है। इस कार्यक्रम में पटना साहिब विधानसभा चुनाव प्रभारी दिनेश पटेल, पटना महानगर अध्यक्ष अभिषेक कुमार, जदयू नेता आशिफ कमाल, पप्पू मेहता, रूपनारायण मेहता, रंजीत सिन्हा तन्नू जी, किरण शंकर, प्रभाकर मिश्रा, प्रदीप काश, लल्लू शर्मा, रामनाथ पटवा, विनोद पासवान, प्रेम निषाद, कांति केसरी, पार्षद किरण मेहता, तारा देवी, अंजली राय, मुन्ना जायसवाल, विनोद शर्मा सहित स्मिता रानी, सीता सिंहा, शशि बलिहार, हेमलता शर्मा, सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

हनुमत जयंती के मौके पर हनुमान चालीसा पाठ हुआ

लोकतंत्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय, पीरपैंती। स्थानीय ठाकुर बाड़ी मे श्री राम सोसाइटी के सदस्यो द्वारा सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया गया। सामुहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर समाज,देश, राज्य का कल्याण की कामना की। इस अवसर पर सोसाइटी के सदस्य पंकज कुमार चौधरी, राजेश दत्त, रविंद्र कुमार, बजरंगी कुमार, पप्पू कटारुका, सुमित कुमार, कैलाश कुमार, अनुष्का तिवारी, तान्या तिवारी, सहित कमिटी के सभी सदस्य उपस्थित थे।

बालू लदा ट्रक का ब्रेक फेल, गढ़े में पलटा

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। मशरक थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव में बालू लदे ट्रक का ब्रेक फेल होने की वजह से अनियंत्रित होकर गढ़े में पलट गया। हालांकि घटना में चालक और खलासी बाल बाल बच गए। ग्रामीणों ने बताया कि बालू लदा ट्रक डोरीगंज से मशरक के रास्ते गोपालगंज की तरफ जा रहा था कि चैनपुर गांव में अचानक गढ़े में पलट गया। चालक ने बताया कि ब्रेक फेल होने की वजह से घटना हुई।

भीषण गर्मी में नगर पंचायत में प्याऊकी व्यवस्था नदारद, लोग परेशान

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र में भीषण गर्मी में कहीं भी प्याऊकी व्यवस्था नहीं की गयी है। इससे बाजार में खरीदारी करने आये हर वर्ग के व्यक्तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि दिन के सुबह 9 बजे से ही तापमान का पारा चढ़ने लगता है और दोपहर तक चरम स्थिति में पहुंच जाता है। बीते दिनों से नगर पंचायत क्षेत्र में दिन में औसतन 42 डिग्री तापमान रह रहा है। इस माह में शादी–विवाह का सीजन भी जोरों पर है। भीषण गर्मी के इस दौर में पेयजल की महती आवश्यकता है। प्याऊके अभाव में लोगों को बाजार से पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही थी। लोगों ने बताया कि बाजार क्षेत्र में चापाकल की बढ़िया व्यवस्था नहीं है।पिछले वर्ष में प्याऊकी व्यवस्था गर्मी के महीने के शुरू में हुआ लेकिन इस बार गर्मी ने अपने तेवर मार्च माह से ही दिखाने शुरू कर दिए,जिससे राहगीरों को अब रास्तों में ही प्यास की जरूरत महसूस होने लगी। लेकिन अभी तक बाजार क्षेत्र में प्याऊनहीं खुला है। इस मामले में चेयरमैन एवं पदाधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।

जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र के द्वारा ब्रीज कोर्स सेन्टर का किया जा रहा है संचालन

लोकतंत्र की आवाज

समस्तीपुर। क्राई–चाइल्ड राइट्स एंड यु के सहयोग से जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र अख्तियारपुर, समस्तीपुर के द्वारा सरायरंजन प्रखंड स्थित किसनपुर यू तयसुफ पंचायत के खालिसपुर वार्ड संख्या 2 व 3 मुसहर टोली में अनामांकित एवं छिजीत बच्चों के बीच पठन – पाठन सामग्री वितरण किया गया।क्राइ – चाइल्ड राइट्स एंड यू के सहयोग से संचालित ब्रीज कोर्स सेंटर में वैसे बच्चों को पढ़ाने का काम किया जा रहा है जो स्कूल से बाहर हैं, और बालश्रम और कामकाजी हो गये हैं। पढ़ाई – लिखाई से वंचित हैं।

पठन – पाठन सामग्री वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना शर्मा और पंचायत समिति सदस्य संतोष कुमार राय नें संयुक्त रूप से कहा कि आज भी मुसहर समुदाय के बच्चे विद्यालय से बाहर हैं, और इनके माता पिता भी इसके प्रति जागरूक नहीं हैं। इन बच्चों को स्कूल से नियमित करानें हेतु माता पिता को जागरूक होना होगा । स्थानीय समुदाय नेता समुद्री देवी, गिरजा देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि जो समाज शिक्षित है वही विकास कर रहा है । मुसहर समुदाय से जितन राम मांझी बिहार के मुख्यमंत्री भी बने हैं और उनका बेटा संतोष कुमार सुमन विधायक और मंत्री हैं । मुसहर समुदाय के बच्चे को पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु ब्रीज कोर्स सेंटर के लिए एक भवन की आवश्यकता पर जोड़ दिया गया । मुसहर समुदाय के बच्चों के लिए मुख्य सड़क से संपर्क पथ, शुद्ध पेयजल तथा बिजली सुविधा उपलब्ध करानें की अपील की गई । स्थानीय सरपंच श्याम साह, वार्ड सदस्य विनय साह नें कहा कि साफ सफाई से शरीर स्वस्थ रहता है और बीमारी से बचाव होता है । ओमप्रकाश राम नें कहा कि जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र का काम बहुत अच्छा है । गरीब बच्चों के लिए ब्रीज कोर्स सेंटर चलाया जा रहा है । इस सेंटर के माध्यम से बच्चों को स्कूल से जोड़ने में सहायता मिलती है।

मौके पर ब्रीज कोर्स सेंटर की शिक्षिका शीतल कुमारी, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन के एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम की कम्यूनिटी सोशल वर्कर वीभा कुमारी, जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र से प्रवीण कुमार, किरण कुमारी, बलराम चौरसिया, समुदायिक लीडर द्रोपदी देवी, शांति देवी, शोभा देवी, परमेश्वर सादा, अनुष्का कुमारी आदि मौजूद थे।

डीईओ ने विद्यालों व एमडीएम किचेन का किए निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। मंगलवार को जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण दिलीप कुमार सिंह ने मशरक में कई विद्यालय एवम एम डी एम किचेन का जायजा लिया । हालांकि वीर कुंवर सिंह जयंती मना विद्यालय से विशेष कक्षा करने वाले बच्चे घर जा चुके थे।

डीईओ ने मध्याह्न भोजन सप्लायर किचेन का औचक निरीक्षण किया। बाल विकास सेवा संस्थान के स्थानीय प्रबंधक सचिन कुमार सिंह कुंवर सिंह विजयोत्सव जयंती को लेकर एमडीएम बंद होने के कारण साफ सफाई करा रहे थे । जिला शिक्षा पदाधिकारी ने किचेन एवम भोजन बनाने के बर्तन की साफ सफाई , भोजन सामग्री , मसाले, दाल, तेल की गुणवत्ता का जायजा लिया। खाने की सामग्री एवम किचेन के बाहर रखे लकड़ी को ढक कर रखने का सुझाव दिया जिससे गर्मी एवम धूल से बचाव हो सके।

गर्मी के अवकाश के समय स्कूल में चल रहे विशेष कक्षा में उपस्थित बच्चो के लिए प्रतिदिन भोजन बनाकर स्कूल में किए गए सप्लाई पंजी सहित अन्य अभिलेख का निरीक्षण कर साफ सफाई एवम बच्चो के निवाले को लेकर हमेशा सजग रहने की बात कही। मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक एमडीएम मुकुंद कुमार सहित अन्य थे।

आग लगने से पलानी और गुमटीनुमा दुकान की लाखों की संपत्ति जलकर राख

लोकतंत्र की आवाज

शरक (सारण)। मशरक के बंगरा पश्चिम टोला गांव में सोमवार की देर रात लगी आग से पलानी, भूसा की बेड़ी और गुमटीनुमा दुकान जलकर राख हो गया। अग्निकांड पीड़ति ध्रुप साह की पलानी और भूसा रखनें की बेड़ी जली है जिसमें गेहूं, सरसों, चौंकी, तिरपाल समेत अन्य कई सामान जल गये हैं जिनकी लागत लगभग 70 हजार के करीब है।

वहीं गुमटीनुमा दुकान जो पारस साह की हैं उसमें भी आग लग गई जिसमें दुकान में रखा सारा सामान गुमटी समेत जल गया है। मौके पर फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। आग बुझाने के दौरान ध्रुप साह मामूली रूप में झुलस गये जिनका निजी क्लीनिक में उपचार किया गया।

शिक्षकों को परेशान कर विद्या नहीं दिला सकती सरकार-शिक्षक मिथलेश प्रसाद सिंह

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र
औरंगाबाद। जिले के पौथू में भारतीय कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मध्य विद्यालय बेलहरिया के प्रधानाध्यापक मिथिलेश प्रसाद सिंह ने अपने सहयोगी कर्मचारी के साथ बैठक किया। बैठक में पुरानी पेंशन लागू नहीं किये जाने, पंचायत शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा नहीं दिये जाने, को लेकर नाराजगी जताई। और कहा कि भारत सरकार द्वारा पुरानी पेंशन बहाल करने के लिए भारत के सभी कर्मचारी एकजुट हो गए हैं।और अपनी मांग को लेकर अब किसी के पास नहीं जायेंगे।

दलगत उम्मीद्वार एवं प्रतिनिधि का हम लोग के प्रति जुबान बंद है। इस लिए अब अपना मत सोंच समझ कर ही करेंगे।एवं कहा कि दुसरे मतदाताओं को भी जागरूक करेंगे।उन्होनें कहा कि प्रत्येक जिला स्तर पर प्रतियोगिता परीक्षा होने चाहिए। पैसा के अभाव में गरीब छात्र बाहर नहीं जाते।मेधावी छात्र प्रतियोगिता परीक्षा से वंचित हो जाते हैं। आकस्मिक छुट्टी, गर्मी छुट्टी को रद्द किए जाने के कारण आक्रोश जताते हुए कहा कि शिक्षकों को परेशान करके सरकार विद्या नहीं दिला सकती। जो भी कर्मचारी मतदान के दौरान जाते हैं।तो किसी भी प्रकार के दुर्घटना होने पर सभी प्रकार के मुआवाजा मिलना चाहिए।

उन्होनें पंचायत स्तर पर अनाज भंडारण, कोल्ड स्टोरेज, मंडी, किसानो को कृषि कार्य हेतु सामाग्री में 50 प्रतिशत के अनुदान राशि, अवैध बिजली बिल की माफ किये जाने, किसानों का कर्ज माफ किये जाने की मांग राज्य एवं केंद्र सरकार से की है। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि विशुनदेव यादव,सुशील कुमार,अशोक कुमार, सुनील कुमार, जैनेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

गायघाट के लक्ष्मणपुर में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

दीपक कुमार, गायघाट। गायघाट विधानसभा की लक्ष्मणनगर पंचायत के जननायक कर्पूरी भवन परिसर में एनडीए कार्यकर्ताओं ने कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित की। भाजपा सासंद प्रत्याशीडां राजभूषण निषाद ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सभी कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। एनडीए के कार्यकर्ता दिन–रात मेहनत करके माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अबकी बार 400 पार के संकल्प को सार्थक करने में अपना भरपूर योगदान दे रहे हैं।

आप सभी के सहयोग से ही एनडीए गठबंधन अभेद्य दीवार की तरह खड़ा है। आप सभी अपने प्रयत्न इसी तरह जारी रखें। सम्मेलन की अध्यक्षता गायघाट जदयू अध्यक्ष श्री लालबाबू सहनी जी एवं संचालन मंडल अध्यक्ष बिपिन सिंह द्वारा किया गया।इस दौरान पूर्व मंत्री सह विधायक जीवेश मिश्रा जी, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री रंजन कुमार जी, लोजपा जिला अध्यक्ष श्री चुलबुल शाही जी, जदयू नेता श्री प्रभात किरण जी, श्री मनोज झा जी, विधानसभा संयोजक राजीव कुमार, भाजपा प्रभारी श्री मनोज कुमार, लोजपा अध्यक्ष कटरा विक्रम कुमार चौधरी एवं अन्य पदाधिकारीगण व आत्मीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लहलादपुर में डकैती की योजना बनाते पांच अपराधी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

लहलादपुर (सारण)। डकैती या किसी गंभीर घ उच्चटना को अंजाम देने की नियत से योजना बनाते पांच अपराधियों को गुप्त सूचना के आधार पर अपर थानाध्यक्ष राम चन्द्र तिवारी के नेतृत्त्व में गठित पुलिस टीम ने रात्रि गश्ती के दौरान लगभग 01:30 बजे रात में जनता बाजार थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव स्थित पांचमंदिर के निकट नहर के बांध पर संदिग्ध हालत में गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने ज़ब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से एक देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा, छः जिन्दा कारतूस, चार मोबाइल तथा दो मोटरसाईकिल बरामद हुए। थानाध्यक्ष प्रीति राज के अनुसार गिरफ्तार अपराधियों में जनता बाजार थाना क्षेत्र के सेंदुआर गांव निवासी ओमप्रकाश सिंह के पुत्र बाबुल सिंह उर्फ रिशांत सिंह,सुनील सिंह के पुत्र निहाल कुमार एवं अनिल पाण्डेय के पुत्र प्रियांशु कुमार, दंदासपुर गांव निवासी मुन्ना राय के पुत्र आर्यन कुमार तथा सिवान् जिला के महाराजगंज थाना क्षेत्र के सरेयां गांव निवासी भुलन पाण्डेय के पुत्र कुंदन कुमार उर्फ सेतु पाण्डेय शामिल है। प्रियांशु कुमार को छोड़कर शेष चारों अपराधियों पर पूर्व में भी जनता बाजार थाना में अपराधिक मामले दर्ज है।

मदारपुर नोनिया टोली गांव में अग्नि पीड़ितों को विधायक पुत्र ने दी सहायता

लोकतंत्र की आवाज

मशरक (सारण)। मशरक के मदारपुर नोनिया टोली गांव आग से बेघर हुए 22 परिवारों के लोगों से मिलकर बनियापुर राजद विधायक केदारनाथ सिंह के पुत्र उच्च न्यायालय पटना मे अधिवक्ता रितुराज सिंह ने आर्थिक सहायता दी। वहीं प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू, उप प्रमुख प्रतिनिधि रणधीर राय, सरपंच दीपक सिंह और मुखिया प्रतिनिधि डॉ जितेन्द्र सिंह ने सरकारी सहायता शीघ्र दिलाने का आश्वासन दिया। आग से 22 परिवार का आशियाना खाक हो गया हैं।

सीओ सुमंत कुमार ने अग्निकांड से पीड़ित सभी परिवारों का जायजा लिया। अधिवक्ता रितुराज सिंह ने बताया कि सभी परिवार को आर्थिक मदद की गयी हैं और सरकारी सहायता दिलवाने के लिए सीओ से बात की गयी हैं। आपकों बता दें कि सोमवार की दोपहर आग लगने से इतनी बड़ी क्षति हुई।आग कैसे लगी पता नहीं चल पाया।

रफीगंज पुलिस ने पशु लदा ट्रक को रानीडीह मोड़ से किया बरामद

लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार मिश्र
औरंगाबाद। जिले के रफीगंज बस स्टैंड पर महर्षि च्यवन ग्यान फाउंडेशन गौशाला देवकुंड से आ रही पशु लदा ट्रक को कुछ अपराधियों द्वारा लौटाकर फरार होने एवं पुलिस द्वारा बरामद किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिला के गुरुवक्सगंज थाना सतांव गांव निवासी ट्रक चालक सत्यम मौर्य ने रफीगंज थाना में ट्रक रजिस्ट्रेशन नंबर पीबी 10 एच एल 4318 लूट लिए जाने का प्राथमिकी दर्ज कराई हैं।

दर्ज प्राथमिकी में उल्लेख किया है कि सोमवार की शाम देवकुंड गौशाला से पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कुल 30 जानवर जिसमें 9 बछिया एवं 21 बछड़ा को लेकर झारखंड के चाकुलीया ज्ञान फाउंडेशन में जमा करने के लिए उचित दस्तावेज लेकर खलासी रुद्र कुमार शुक्ला के साथ देवकुंड से प्रस्थान किया। शाम करीब 7 बजे रफीगंज बस स्टैंड में एक काला रंग स्कॉर्पियो साइड लेकर सामने खड़ी हो गई। मेरा ट्रक को रोक कुछ लड़के स्कॉर्पियो से उतरे तथा कुछ लड़के पीछे से आकर प्लानिंग के साथ अज्ञात लड़कों जिनकी उम्र लगभग 18 से 25 वर्ष 12 से 15 की संख्या में ट्रक को घेर कर स्थानीय भाषा में पूछताछ कर कागजात की मांग किया मेरे द्वारा कागजात दिखाने के बाद भी जबरदस्ती ट्रक में घुसकर मेरा मोबाइल छीन कर मुझे तथा खलासी को मारपीट करते गाली गलौज कर नीचे उतार दिया। ट्रक पर लदा पशुओं को लेकर शिवगंज रोड में भाग गया। इस दौरान स्कॉर्पियो का नंबर नहीं देख पाया। किसी तरह पूछते हुए रफीगंज थाना में मैं तथा खलासी पहुंचे।घटना की जानकारी थानाध्यक्ष को दिया। त्वरित कार्रवाई करते हुए रफीगंज पुलिस ने ट्रक का पीछा किया और सलैया थाना क्षेत्र के पास रानी डीह मोड़ के पास खड़ी ट्रक को बरामद किया। इस संबंध में थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि उक्त स्थल पर पशु लदा ट्रक बरामद किया गया है। ट्रक पर लदा पशुओं को देवकुंड गौशाला में छोड़ दिया गया । तथा ट्रक को रफीगंज थाना लाया है। प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी किया जा रहा है।

- ट्रक को लूटकर रफीगंज बस स्टैंड से अपराधी हुए फरार

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।